**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
**Completely NEET Counselling Guidance specially for**
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 13 अंक: 260 लखनऊ, रविवार 05 मई 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## देश में औरंगजेब का जजिया कर जबरन लागू करना चाहती है कांग्रेसः मुख्यमंत्री योगी'

### 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश के गुना लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित'




एजेंसी। गुना (मध्यप्रदेश), लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत शनिवार को मध्य प्रदेश के गुना लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। भाजपा ने गुना से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। मुख्यमंत्री योगी ने यहां केंद्र सरकार और सिंधिया राज परिवार की उपलब्धियां गिनाते हुए उनके लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। इस दौरान यहां उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर प्रहार किया। उन्होंने कांग्रेस के मैनिफेस्टो में बहुसंख्यकों की संपत्ति का सर्वे करने से लेकर अल्पसंख्यकों को खानपान की छूट देने जैसे प्राविधानों पर हमला किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि विरासत का सम्मान होना चाहिए और कांग्रेस कहती है कि विरासत पर टैक्स लगाएंगे। मतलब इनके समय में कोई राम मंदिर, कृष्ण मंदिर की बात नहीं कर सकेगा। वो आपके पूर्वजों के द्वारा अर्जित कमाई का भी सर्वे कराएंगे और आधी संपत्ति ले लेंगे और कहेंगे कि ये हमारा विरासत टैक्स है। ये कांग्रेस औरंगजेब के जजिया कर को जबरन लागू करना चाहती है जिसे कोई भारतीय स्वीकार नहीं करेगा। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री योगी का अंग वस्त्र और भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया।'राम और कृष्ण की भूमि पर नहीं होने देंगे गौहत्या'मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार में आपकी आस्था को भी सम्मान मिल रहा है और सुरक्षा का भाव जाग्रत हुआ है तो गरीब कल्याण के कार्य भी हो रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस का मैनिफेस्टो देखेंगे तो इसके उलट ही नजर आएगा। उन्होंने कहा कि मुगलों का एक बादशाह था औरंगजेब, जिसे सबसे क्रूर मुगल बादशाह माना जाता है। उसने एक कर लगाया था जजिया। आज कांग्रेस भी अपने मैनिफेस्टो में जजिया कर की बात कर रही है। मोदी जी कहते हैं कि विरासत का सम्मान होना चाहिए और कांग्रेस कहती है कि विरासत टैक्स लगाएंगे। ये कांग्रेस औरंगजेब के जजिया कर को जबरन लागू करना चाहती है जिसे कोई भारतीय स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि कांग्रेस के समय में ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाने का प्रयास होगा और अनुसूचित जाति के आरक्षण में भी सेंध लगाने का प्रयास होगा। कांग्रेस कर्नाटक में ऐसा कर चुकी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो वो अल्पसंख्यकों को खानपान की आजादी देगी। कांग्रेस अब इतनी गिर चुकी है कि वह देश में गौहत्या को प्रश्रय देने की बात कर रही है। क्या राम और कृष्ण की धरती पर आप गौहत्या होने देंगे।'राम मंदिर के निर्माण से साकार हुआ राजमाता का सपना' मुख्यमंत्री योगी ने गुना और अयोध्या के बीच संबंध को लेकर कहा कि अयोध्या का रामजन्मभूमि आंदोलन का इतिहास गुना के लिए भी गौरवान्वित करने वाला है। इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए जो एक प्रमुख स्वर था वो था राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी का। राम जन्मभूमि आंदोलन के किसी भी कार्यक्रम में उन्होंने अपने व्यक्तिगत कार्यक्रमों को छोड़कर पहले से लेकर अंतिम दिन तक खुद को जोड़े रखा। प्रसन्नता इस बात की है कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद जब प्रभु श्रीराम विराजमान हुए तो राजमाता की आत्मा को भी असीम शांति प्राप्त हुई होगी कि जो वर्षों का सपना था वो सपना आज की पीढ़ी साकार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज आप सौभाग्यशाली हैं कि यहां पर ज्योतिरादित्य सिंधिया के रूप में आपको एक नेता मिला है, जिसके पास विकास का एक विजन है।

## पुंछ में एयरफोर्स के काफिले पर आतंकी हमला, कई जवानों के घायल होने की आशंका

एजेंसी।

जम्मू अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स इकाई ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वाहनों को शाहसितार के पास जनरल क्षेत्र में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है। सैन्यकर्मियों



को चोटें आई हैं।शनिवार को जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों द्वारा भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के काफिले पर गोलीबारी की गई। सुरक्षा अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ सैन्यकर्मियों को चोटें आईं। यह हमला सुरनकोट के सनाई गांव में हुआ। विवरण का पता लगाने के लिए भारतीय सेना और पुलिस के जवानों को क्षेत्र में भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स इकाई ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वाहनों को शाहसितार के पास जनरल क्षेत्र में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है। सैन्यकर्मियों को चोटें आई हैं।

## अपहरण मामले में फंसे प्रज्वल के पिता, एचडी रेवन्ना को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

एजेंसी।

नई दिल्ली अपहरण के एक मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम राहत के उनके अनुरोध को बेंगलुरु की एक अदालत द्वारा खारिज किए जाने के तुरंत बाद कर्नाटक पुलिस टीम ने एचडी रेवन्ना को हिरासत में ले लिया। एचडी रेवन्ना पर अपहरण का मामला चल रहा है क्योंकि आरोप है कि उनके सहयोगी ने एक 20 वर्षीय व्यक्ति की मां का अपहरण कर लिया है।कर्नाटक जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एचडी रेवन्ना को उनके खिलाफ दर्ज अपहरण के मामले में कर्नाटक पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने गिरफ्तार कर लिया। जद (एस) विधायक को उनके पिता और पूर्व



प्रधान मंत्री एचडी देवेगौड़ा के घर से गिरफ्तार किया गया था। अपहरण के एक मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम राहत के उनके अनुरोध को बेंगलुरु की एक अदालत द्वारा खारिज किए जाने के तुरंत बाद कर्नाटक पुलिस टीम ने एचडी रेवन्ना को हिरासत में ले लिया। एचडी रेवन्ना पर अपहरण का मामला चल रहा है क्योंकि आरोप है कि उनके सहयोगी ने एक 20 वर्षीय व्यक्ति की मां का अपहरण कर लिया है। शिकायतकर्ता राजू एचडी अपनी मां के साथ रेवन्ना के फार्महाउस में घरेलू नौकर के रूप में काम करता था। कथित तौर पर रेवन्ना के रिश्तेदार सतीश बबन्ना ने 29 अप्रैल को महिला को उसके घर से अपहरण कर लिया था और उसे कालेनल्ली में विधायक के करीबी सहायक राजशेखर के फार्महाउस में बंधक बनाकर रखा था। महिला को कर्नाटक पुलिस ने दिन में बचाया था। जेडीएस विधायक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 364 ए (अपहरण) और धारा 365 (जबरन रोकना) के तहत मामला दर्ज किया गया था और कर्नाटक पुलिस द्वारा गैर–जमानती धाराएं लगाई गई थीं। विशेष रूप से एचडी रेवन्ना के साथ–साथ उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना पर भी यौन उत्पीड़न और कृत्य को फिल्माने के गंभीर आरोप हैं।

## जिन्हें जेहाद से प्यार, वे भीखमंगे पाकिस्तान के पास जाएंः योगी

संवाददाता।

फर्रुखाबाद लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए। इनके आकाओं ने पहले देश का बंटवारा किया था और आज यह लोग जेहाद की बात करके लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि जेहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भीखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा है। सपा, कांग्रेस व बसपा पर हमलावर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छेड़ा। ऐसे लोगों को जेहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की धरती राम–कृष्ण की है, जेहाद की नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रुखाबाद से सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए शनिवार को जनसभा कर वोट मांगा। योगी जी के आह्वान पर फर्रुखाबाद वालों ने फिर से कमल खिलाने का आश्वासन दिया।भारत की प्रगति न चाहने वाले हर योजना में भ्रष्टाचार करते थेमुख्यमंत्री ने कहा कि आपने 2014 के पहले और बाद का भारत देखा है। 2014 के पहले का भारत दुनिया में विश्वास खो चुका था। आतंकवाद व नक्सलवाद से त्रस्त था। गरीबों को शासन की योजनाएं नहीं मिल पाती थीं। यह अराजकता वे लोग करते थे, जिन्हें भारत के लोकतंत्र पर विश्वास नहीं था




और जिन्हें विश्वास था वे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के साथ जुड़कर देश को मजबूत बनाने के लिए आगे बढ़ते थे। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लगती थी, वे हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे।अब सीमापार से आतंकवादियों के आका भी सफाई देते हैंमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के बाद भारत का नया रूप दिख रहा है। पहले कहीं विस्फोट और आतंकवादियों को देखकर सरकारें कहती थीं कि यह सीमापार से हैं, लेकिन आज जोर से पटाखा फटने पर सीमापार से उनका आका भी सफाई देने को मजबूर होता है। हर किसी को पता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को छेड़ता नहीं है। मुख्यमंत्री ने भारत व उप्र के विकास की चर्चा की। बोले कि 2022 में यहां आकर कहा था कि गंगा मैया पर बनने वाला पुल जल्द शुरू होगा। अब कार्य प्रारंभ हो चुका है। पहले नारा लगता था कि फर्रुखाबादी चूसे गन्ना, लेकिन अब फर्रुखाबाद को एक्सप्रेसवे से जोड़ने की कार्रवाई आगे बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि 2022 में भी यहीं आया था और कहा था कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर भी बनेगा और माफिया का रामनाम सत्य भी होगा।यूपीए सरकार में पिछड़ी, एससी–एसटी के आरक्षण को काटने की हो रही थी साजिशमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेसी कहते थे कि राम हुए ही नहीं, सपा वाले कहते थे कि अयोध्या में परिंदा पर नहीं मार सकता, लेकिन आज वहां लाखों लोग दर्शन कर रहे हैं। यूपी में कर्फ्यू और दंगा मुक्त वातावरण है। नए भारत में गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं के सम्मान–संरक्षण के लिए कार्य हो रहा है तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन हकों पर डकैती डालने की योजना बना रहा है। जब सपा–कांग्रेस के नेतृत्व की यूपीए सरकार थी तब इन लोगों की तरफ से ओबीसी, एससी–एसटी के आरक्षण में सेंध लगाने की कोशिश हो रही थी।वोट में जेहाद नहीं होता, हमें दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट देना हैमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा–कांग्रेस के लोग धार्मिक आधार पर बंटवारा करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भारत के इस्लामीकरण की साजिश है और इसी के तहत वोट जेहाद की बात करते हैं। वोट में जेहाद नहीं होता, हमें दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट करना होता है, जिससे हमारा अधिकार सुरक्षित रहे। अपने अधिकार का सदुपयोग करते हुए विकास, सम्मान, लोक आस्था और भावी पीढ़ी के विकास के लिए जो कार्य कर सके। वोट उसे ही दें। विकास और सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा कार्यकाल देने की अपील की। इस अवसर पर फर्रुखाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत, विधान परिषद सदस्य व भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु

## बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं ए. के. शर्मा

मेरा बूथ सबसे मजबूत, बूथ अध्यक्ष संगठन की नींव



संवाददाता।

लखनऊ।आजमगढ़ जिले में गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के बिलयरियागंज में भाजपा के लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ और लालगंज विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत कटघर स्थित एक मैरिज हाल में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी नीलम सोनकर के समर्थन में आयोजित बूथ सम्मेलन की शुरुआत प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार के उदघोष के साथ की। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कृष्ण पाल जी, महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री एके शर्मा व घनश्याम पटेल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिले के लालगंज लोकसभा के शगुन मैरिज हाल परिसर में बूथ समिति बैठक में नगर विकास मंत्री ने गांव चलो अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जनता की समस्याओ की समीक्षा की। सरकार की महत्वाकांशी योजनाएं जनता तक कितनी पहुँच पाईं इस पर भी विचार किया।हा कि इस बार भी मोदी सरकार, तीसरी बार 400 पार के साथ मोदी सरकार। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बूथ सम्मेलन के माध्यम से बूथों पर पकड़ बनाकर अपने बूथ सबसे मजबूत के नारे को साकार करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का नारा है अपना बूथ सबसे मंजबूत। इस नारे को अगर कोई सार्थक बनाता है तो वह हमारा बूथ अध्यक्ष ही है। भाजपा कहती है कि बूथ जीता चुनाव जीता। बूथ को जीतने की जिम्मेदारी हमारे बूथ अध्यक्ष और उनकी कार्यकारणी पर होती है। बूथ अध्यक्ष संगठन की नींव हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, तो वह बूथ अध्यक्षों के कठिन परिश्रम से ही संभव होगा। हमारी पार्टी यह कहती है कि पहले मतदान फिर जलपान के संकल्प के साथ पहले वोटिंग करा लेनी है। कार्यकर्ताओं को मतदान के दिन ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करानी होगी।उन्होंने बताया कि पिछली सरकारें घोटालेबाजों की सरकारें थीं। वे सिर्फ अपना और अपने परिवार का भला सोचती थीं। योजनाओं के लिए आई धनराशि का बंदरबाट किया जाता था। विकास के कार्य कभी भी धरातल पर आ ही नहीं पाते थे। लेकिन भाजपा अपने कार्यकर्ताओं का भी हित सोचती है। उदाहरण के तौर पर आप सभी मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में मुख्यमंत्री के रूप में देख ही रहे हैं।ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पिछली सरकारों में बिजली नहीं मिलती थी। बिजली उपलब्ध कराने में भेदभाव होता था। कुछ ही जिलों में लोगों को बिजली नसीब हो पाती थी। लेकिन अब पूरे प्रदेश में विद्युत की समान आपूर्ति हो रही है। जबसे मुझे ऊर्जा विभाग का दायित्व मिला है उत्तर प्रदेश में बिजली कि समस्या काफी हद तक कम हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के 10 वर्षों के शासनकाल में बिना भेदभाव के हर वर्ग, हर जाति के लोगों को स्वच्छ जल, मुफ्त राशन, सबको आवास, शौचालय, मुफ्त इलाज सहित अन्य कई लाभकारी योजनाओं का लाभ मिला हैं।

## राहुल गांधी वायनाड भी हारेंगे और रायबरेली भी हारेंगे – गौरव भाटिया

लखनऊ (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले ही कह दिया था कि वायनाड़ का चुनाव समाप्त होने के बाद शहजादे किसी अन्य सीट पर अपना भाग्य आजमाने जायेंगे। राहुल गांधी की अमेठी में जाने की हिम्मत नही थी। इसलिए अमेठी छोड़कर रायबरेली चुनाव लड़ने चले गये। उन्होंने कहा कि जब सोनिया गांधी जी पहले ही रायबरेली से अपनी हार मानकर राज्यसभा पहुंच गई। जब सोनिया जी खुद को रायबरेली से हारा हुआ मान चुकी है ऐसे में राहुल गांधी रायबरेली से कैसे जीतेंगे? राहुल गांधी वायनाड भी हारेंगे और रायबरेली भी हारेंगे।राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गौरव भाटिया ने कहा कि असंभव को संभव बनाने का नाम नरेन्द्र मोदी है। मोदी ने देश की अखंडता के लिए जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किया। विपक्ष भाजपा पर प्रहार करता था रामलला हम आयेंगे मंदिर वहीं बनायेंगे लेकिन तारीख नही बतायेंगे। हमने मंदिर भी वहीं बनाया और तारीख को भी बतलाया है। लेकिन बुलाने पर भी विपक्ष नहीं आया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की आयेंगी सीटे अस्सी में अस्सी, विपक्ष की जल जाएगी गुरूर की रस्सी। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती में जाकर कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। कभी ईवीएम पर तो कभी वीवीपैट पर प्रश्न खड़ा करते हैं। जब चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम भी सही और वीवीपैट भी सही और जब हार जाते हैं तो लोकतंत्र खतरे में होता है। उन्होंने कहा कि देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने वाले लोकतंत्र की दुहाई दे रहें है।कहा कांग्रेस पार्टी तथा धमंडिया गठबंधन हिन्दू विरोधी है। कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नही, यानि कांग्रेसी विचार में बहुसंख्यक हिन्दू की देश में कोई जगह नही है। आज वोट जिहाद की बात कर रहे हैं। जिहाद शब्द राजनैतिक शब्द नही है बल्कि साम्प्रदायिक शब्द है। उन्होंने कहा कि पीडीए का अर्थ है प्रहार करो धर्म और आस्था पर। सपा आज तक परिवार का अध्यक्ष नही दे पाई वह सपा किसी का क्या हित करेगी। सपा ने यादवों को जो टिकट दिये वह सब अपने परिवार के लोगों को दिये। ये परिवारवादी पार्टियां है। जनता इनके नापाक इरादे जानती और पहचानती है।

## पवन कल्याण बोले– राजनीति 5 मिनट का नूडल्स नहीं, धैर्य की जरूरत होती है

एजेंसी। नयी दिल्ली पवन कल्याण ने लोगों से गठबंधन के लिए वोट करने की अपील करते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य को पूरी तरह से नुकसान पहुंचाया और अस्त–व्यस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि आपको समझना होगा। जनसेना के संस्थापक और अभिनेता पवन कल्याण ने कहा है कि राजनीति पांच मिनट का नूडल्स नहीं है और कोई भी त्वरित परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकता क्योंकि नेताओं को उथल–पुथल और असफलताओं को झेलकर लोगों का विश्वास अर्जित करना होता है। 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए आंध्र प्रदेश में जनसेना, टीडीपी और बीजेपी एनडीए सहयोगी हैं। आंध्र प्रदेश के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दृष्टिकोण और राज्य में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व को अधिक विश्वसनीय नेतृत्व, प्रतिबद्धता और अनुभव वाले लोग मिले हैं। पवन कल्याण ने लोगों से गठबंधन के लिए वोट करने की अपील करते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य को पूरी तरह से नुकसान पहुंचाया और अस्त–व्यस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि आपको समझना होगा। हम सभी सोचते हैं कि राजनीति एक फास्ट फूड है। आप इसे तुरंत बनाना चाहते हैं। आप तुरंत परिणाम चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह पांच मिनट का मैगी नूडल्स नहीं है।

# जीएसटी टैक्स संग्रहण की जगह, भाजपाइयों के लिए पैसा उगाही और वसूली का जरिया बन गयी – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस) । सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने जीएसटी कर प्रणाली को इस तरह लागू किया है कि ये व्यापारी–कारोबारियों से टैक्स संग्रहण की जगह, भाजपाइयों के लिए पैसा उगाही और वसूली का जरिया बन गयी है। इस मामले में सुप्रीमकोर्ट ने भाजपा सरकार के तौर–तरीकों पर निंदात्मक टिप्पणी करते हुए, जीएसटी एक्ट के दुरुपयोग और उसे धमकी की तरह इस्तेमाल करने पर स्वयं न्यायालय द्वारा कठोर कदम उठाने की चेतावनी दी है।

उन्होंने कहा कि राज में व्यापारियों–कारोबारियों को टैक्स में चोरी करनेवालों की तरह आरोपित करना बेहद आपत्तिजनक बात है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं। मंदी और ऑनलाइन के जमाने में आजकल वैसे ही काम–कारोबार करना और दुकान चलाना आसान नहीं है, उस पर से जीएसटी का दबाव बाजार की कमर तोड़ दे रहा है। महंगाई की मारी, मंद गति से चलने वाली अर्थव्यवस्था के दौर में जीएसटी की भ्रष्ट कार्यप्रणाली, अवांछित हस्तक्षेप व जटिलताएं केवल आर्थिक हीं नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी कारोबारियों को उत्पीड़ित कर रही हैं। साथ ही भाजपा के राज में उनके संगी–साथी व आनुषंगिक संगठन भी बात–बात पर चंदे की रसीद लेकर व्यापारियों, कारोबारियों, कारखघनेवालों और दुकानदारों से वसूली करते रहते हैं। जो लोग दवा–टीके तक में कमीशन खा रहे हैं वो भला व्यापार–कारोबार को क्या छोड़ेंगे। अब भाजपा से त्रस्त व्यापारी, कारोबारी, कारखघनेवाले, दुकानदार और फेरीवाले तक भाजपा सरकार के खिघ्लाफ वोट डाल रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पिछले दो चरणों में ये सब लोग व्यापार–कारोबार आसानी से करने के लिए इंडिया गठबंधन के सबसे मजबूत समर्थक बनकर उभरे हैं और आगामी सभी चरणों में भाजपा को हराने के लिए, भाजपा के खिघ्लाफघ् वोट डालने और इंडिया गठबंधन को जिताने के लिए कमर कसकर तैयार बैठे हैं क्योंकि ये उनके व्यापार ही नहीं, उनके परिवार के भविष्य का भी सवाल है।हम अपने सभी व्यापारियों, कारोबारियों कारखघने वालों, दुकानदारों और फेरीवाले भाइयों–बहनों को ये आश्वासन देते हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर जीएसटी की ये उत्पीड़नकारी व्यवस्था इस तरह सुधारी जाएगी जिससे काम–कारोबार बिना किसी धमकी, डर, भय और वसूली के आराम से, आसानी से किया जा सकेगा।भाजपा याद रखे कि ये लोग सामान–सेवा का कारोबार करके और टैक्स देकर देश चलाते हैंय जबकि भाजपा देश बेचकर या जानलेवा दवा–टीके तक में चुनावी–चंदे के रूप में कमीशन खाकर देशवासियों की जिंदगी का सौदा करती है।

# अपहरण की गई नाबालिक युवती को पुलिस ने सूरत से किया बरामद, चार आरोपी गये जेल

## हिन्दू संगठनो से बचाकर आरोपियों को कोर्ट में किया पेश

प्रतापगढ़(आरएनएस)। पट्टी क्षेत्र के अमरगढ़ से भगाई गई नाबालिक युवती को आसपुर देवसरा पुलिस ने युवती समेत चार आरोपियों को गुजरात के सूरत जिले से गिरफ्तार कर लिया। पिछले माह 25 अप्रैल को अमरगढ़ बाजार से नाबालिक किशोरी को आरोपियों ने प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले गये थे। किशोरी द्वारा अपनी मर्जी से जाने की बात कबूलने का वीडियो सोसलमीडिया में वायरल भी हुआ था। परिजनों ने मुख्य आरोपी शारूख राइन पुत्र मो0 अजीज राइन निवासी उदईशाहपुर आसपुर देवसरा के खिलाफ थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना को लव जेहाद के ऐंगल से देखा जा रहा था। जिसमें हिन्दू संगठनों ने बवाल करते हुए पुलिस पर गिरफ्तारी का दबाव बनाया था। युवती की बरामदगी व आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम गठित कर तलाश शुरू की। इलेक्ट्रनिक मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर आरापियों की लोकेशन



सूरत के थाना कोस्टल मोती दमन गुजरात राज्य में लगी। गुपचुप तरीके से लोकल पुलिस को साथ लेकर आसपुर देवसरा पुलिस ने युवती समेत आरोपियों को मौके से दबोच लिया। शारूख के इस काम में तीन अन्य साथी सद्दाम पुत्र तहावर उर्फ कल्लू निवासी कस्बा थाना मछलीशहर जौनपुर, आजाद अली पुत्र अमीन अली निवासी करौदहॉ व शन्ने पुत्र लाल मोहम्मद उर्फ लल्लू निवासी उदईशाहपुर पूरा सहयोग किया। एसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर एसआई योगेन्द्र सिंह, एसआई अनुपम त्रिपाठी, यशवन्त सिंह राठौर, राजनारायण पटेल, राकेश सरोज व शोभा यादव की टीम गठित की गई। टीम ने युवती समेत आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रतापगढ़ लाई। पुलिस ने आरोपियों को चुपके से कोर्ट में किया पेश–आरोपियों के गिरफ्तारी को लेकर हिन्दू संगठनों को पहले ही भनक लग गई थी। उन्हें मालुम था कि आसपुर देवसरा एसओ आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश करने वाले हैं। हिन्दू संगठन के लोग आरोपियों पर हमला करेंगे इस बात की भनक एसओ को लग गई थी। एसओ ने चुपके से दूसरे रास्ते से अपहरण के चारों आरोपियों शारूख राइन, सद्दाम, आजाद अली व शन्ने को कोर्ट में पेश किया।

# भाजपा सरकार से देश के संविधान और लोगों की जान दोनों को खतरा– अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस) ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज बदायूं के सहसवान विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी आदित्य यादव और फिरोजाबाद में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अक्षय यादव के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।



जनसभाओं मेंअखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार से देश के संविधान और लोगों की जान दोनों को खतरा है। भाजपा सरकार ने 10 साल में कई संविधान विरोधी फैसले लिए हैं। वहीं वैक्सीन कंपनी से चंदा लेकर पूरे देश की जनता को वैक्सीन लगवा कर उनके सामने संकट पैदा कर दिया है। वैक्सीन को लेकर जो रिपोर्ट आई है वह बेहद गंभीर है। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि वैक्सीन के कारण हार्ट की समस्या बड़ी है। इसलिए हम चाहते हैं कि पूरे देश के अस्पतालों में सभी के लिए हार्ट और उससे जुड़ी जांच फ्री कर दी जाए, जिससे लोग जब चाहे तब अपने हार्ट की जांच कराकर जानकारी हासिल कर ले। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों नौजवानों और देश की आम जनता के साथ विश्वासघात किया है। खोखले नारे देकर शोषण किया। भाजपा ने सभी को धोखा दिया है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को चरम पर पहुंचा दिया है। जनता से झूठे वादे किए। भाजपा लोगों के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। संविधान को बदलना चाहती है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के लिखे हुए संविधान को खत्म करना चाहती है। भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को हर हालत में हटाना होगा। इसने सभी को अपमानित किया है। सत्ता का दुरुपयोग किया है। देश की संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर लोगों पर झूठे मुकदमे कराए, जेल भिजवाया और वसूली कराई है। अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता भाजपा से त्रस्त हो चुकी है। लोकसभा चुनाव में बीजेपी के खिलाफ मतदान कर रही है। पहले दो चरणों के चुनाव में जो हवा चली है उससे भाजपा चार सौ पार का नारा भूल गई है, वह देश में चार सौ सीटें हारने जा रही है। बीजेपी हार रही है, इंडिया गठबंधन देश में सरकार बनाने जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि दो चरणों के चुनाव से तय हो गया है कि तीसरे चरण के चुनाव में भी भाजपा का सफाया होने जा रहा है। भाजपा ने झूठ और धोखे से देश में सभी का भरोसा तोड़ा है। किसानों को आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन महंगाई बढ़ा दी, किसानों की आय कम हो गई और महंगाई दोगुनी हो गई। भाजपा सरकार की हर बात झूठी निकली। आज किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है।भाजपा सरकार साजिश के तहत तीन काले कानून लाकर किसानों की फसल और जमीन छीनकर उद्योगपतियों को देना चाहती थी। तीनों काले कानून के खिलाफ किसानों ने आंदोलन किया। सैकड़ो किसान शहीद हुए। भाजपा ने अपमानित किया, लेकिन किसान पीछे नहीं हटे। अंत में तानाशाही सरकार को अपना काला कानून वापस लेना पड़ा, इसके लिए हम किसानों को बधाई देते हैं। लेकिन किसानों की लड़ाई यहीं खत्म नहीं हुई है आंदोलन के बावजूद भाजपा सरकार ने किसानों को उनकी फसलों की एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया है।

इंडिया गठबंधन की सरकार आते ही किसानों को सम्मान मिलेगा, उनकी फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलेगा, किसानों का कर्ज माफ होगा और उनकी अन्य तरीके से भी मदद होगी।

# मेडिकल करवाने आए चुनाव ड्यूटी वालों से पटी रही ओपीडी

प्रतापगढ़(आरएनएस)। चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों में जिनका मेडिकल होना है उनकी भीड़ से राजा प्रताप बहादुर अस्पताल की ओपीडी चरमरा गई। भीड़ में फंसी एक महिला टीचर निकल नहीं पाई और रोने लगी। उसको गार्ड की मदद से बाहर किया गया। चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों में जो बीमार हैं। उन्होंने अपनी ड्यूटी कटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया हैं। इन कर्मचारियों को मेडिकल बोर्ड के सामने उपस्थित होने को कहा गया है। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में दिखाने आए कर्मचारियों और रोज मर्रा की भीड़ ऊपर से इमरजेंसी के मरीजों की भीड़ से ओपीडी खचाखच भर गई। ओपीडी कक्ष के सामने इतनी लंबी लाइन लग गई थी कि पूछिए मत। उसी बीच में एक महिला टीचर अपनी जांच रिपोर्ट दिखाने डाक्टर के सामने खड़ी हुई। जब वापस जाने को हुई तो भीड़ ने उन्हें बाहर निकलने का मौका ही नही दिया। बाहर खड़े मरीज डाक्टर तक पहुंचने के




लिए धक्का मुक्की करने लगे। भीड़ में फंस कर महिला रोने लगी। स्टाफ ने गार्ड को बुलाया तब जाकर भीड़ किनारे हुई और महिला बाहर आ पाई। खास बात यह देखने को मिली कि इतनी भीड़ के बावजूद सुरक्षा गार्ड नजर नहीं आए। जिससे भीड़ नियंत्रित नहीं हो पाई। डाक्टरों का कहना है कि एक्स सर्विश मैन के अपने मरीज दिखाने होते हैं तभी वह ओपीडी में नजर आते हैं। बाकी वे कहां ड्यूटी करते हैं पता नहीं। इस बारे में सीएमएस सौभाग्य प्रकाश का कहना है कि भीड़ अधिक थी। गार्ड को नियंत्रित करना चाहिए। वो किस लिए रखे गए हैं। उन्हें पहले भीड़ को नियंत्रित करने की हिदायत दिया गया है।

# पाली विषय से टापर बने राजेंद्र और साथियों का होगा सम्मान

## पहली बार हाई स्कूल बोर्ड में शामिल हुए 190 परीक्षार्थी

प्रतापगढ़(आरएनएस)। प्राचीन भाषा पाली विषय की परीक्षा में इस बार के हाई स्कूल में 92 प्रतिशत अंक पाकर पूरे मंडल में टॉप करने वाले जिले के छात्र राजेंद्र कुमार मौर्य को मौर्य सभा सम्मानित करेगी। साथ में दर्जन भर अन्य छात्र जिन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। ये सभी नगर के प्रतिष्ठित रेडियोलॉजिस्ट डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य की अगुवाई में बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। शिव मूर्ति लाल और साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न ने भी इन्हीं के साथ छात्र के रूप में पाली की परीक्षा दी और अच्छे नंबरों से पास भी हुए हैं।



बता दें कि महान सम्राट अशोक मौर्य के समय में प्रचलित पाली भाषा धीरे धीरे चलन से बाहर हो गई। स्कूलों में भी यह भाषा कमतर ही पढ़ाई जाती है। पाली को फिर से आमजन का संवाद बनाने का बीड़ा डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य ने उठाया और जिले में लोगों से संपर्क कर उनसे जुड़कर इस बार की हाई स्कूल में पाली विषय से फार्म भरने का अभियान चलाया। उनकी मेहनत रंग लाई और बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ तो पता चला कि जिले से करीब डेढ़ सौ छात्र पास हुए हैं। जिसमें से शिव मूर्ति लाल के स्टाफ राजेन्द्र मौर्य ने 92 प्रतिशत अंक लाकर पूरे मंडल में जिले का नाम रोशन किया है। खघस बात यह रही कि जितने भी लोग पाली से परीक्षा दिए हैं। उनमें से अधिकतर लोग नौकरी पेशा वाले, रिटायर टीचर हैं। राजेन्द्र मौर्य के कई साथी जो अच्छे नंबरों से पास हुए हैं उनमें राहुल सरोज, राकेश चंद्र मौर्य भी शामिल हैं। ये सभी लोग डाक्टर शिव मूर्ति लाल से मिलने शहर स्थित उनके क्लीनिक राजा प्रताप बहादुर पार्क आए थे। बातचीत में शिव मूर्ति लाल ने बताया कि 27 मई को पाली भाषा में पास हुए छात्रों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए 05 मई को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन

## तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए 07 मई को होगा मतदान

लखनऊ(आरएनएस) । उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में आगामी 07 मई को तृतीय चरण के तहत 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। तृतीय चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल 05 मई, 2024 को सायं 06 बजे से सभी 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार–प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहे। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 07 मई को मतदान होना है, उसमें 8–सम्भल, 16–हाथरस (अ0जा0), 18–आगरा (अ0जा0), 19–फतेहपुर सीकरी, 20–फिरोजाबाद, 21–मैनपुरी, 22–एटा, 23–बदायूं, 24–ऑवला तथा 25–बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। तृतीय चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली जनपद में आते हैं।

# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से अब तक कुल 1,38,23,452 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी

लखनऊ(आरएनएस) । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,38,23,452 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 84,76,246 तथा निजी स्थानों से 53,47,206 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी।

# राजेंद्र चौधरी ने सीपीआई नेता अतुल अंजान को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ(आरएनएस) ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से आज राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कैसरबाग स्थित सीपीआई कार्यालय लखनऊ में जनता के अंतिम दर्शन हेतु रखे भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।राजेन्द्र चौधरी ने सीपीआई के महासचिव वरिष्ठ नेता डी राजा, ऐनी राजा, डॉ0 गिरीश, अमरजीत कौर, पल्ल्व सेन गुप्ता के अतिरिक्त अतुल अंजान की बहनों किरन सिंह, रत्ना सिंह तथा पत्नी भारतीय सिंह से भी मिलकर संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर प्रो0 रूपरेखा वर्मा, सांसद जावेद अली खां, डॉ0 रमेश दीक्षित, पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी मेयर वंदना मिश्रा, समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष श्री फाकिर सिद्दीकी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री अशोक यादव, प्रवक्ता श्री फखरूल हसन चांद, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र मलिहाबाद सोनू कन्नौजिया, प्रवक्ता श्री अमिक जामेई, सामाजिक कार्यकर्ता अतहर हुसेन, कोषाध्यक्ष उत्तराखण्डएस.के. राय, वरिष्ठ पत्रकार मधुकर त्रिवेदी आदि ने सीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूद रहे।

# दो पक्षों के खूनी संहर्ष में एक की मौत, कई घायल गांव में पसरा सन्नाटा, पुलिस बल तैनात



प्रतापगढ़,(आरएनएस) कुंडा। बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुर डुबकी मुडियापुर गांव में बीते छ माह के पहले से ही गांव के संजीत व जंगू के बीच रंजिश चली आ रही है। रंजिश इतनी बढ गई कि गांव में दो पार्टियां बन गई। जिसमें एक पक्ष का नेतृत्व जंगू व दूसरे का संजीत सरोज कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने अपने–अपने पक्ष का कोडवर्क नाम भी रखा है। अपने लीडर के इशारे पर सैकड़ों युवा एकत्र हो जाते हैं। बीते शुक्रवार को एक पक्ष के राहुल सरोज अपने घर बढयीपुर बाघराय से तीन किलोमीटर दूर मुडियापुर आ गया। जहां तयशुदा रणनीति के तहत दोनों पक्षों में भीषण संग्राम हुआ। दोनों पक्षों के बीच कुल्हाड़ी व हाकियो से जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोग बुरी तरह घायल हैं। घटना में राहुल सरोज की मौके पर ही कुल्हाड़ी के हमले में मौत हो गई। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता थानाध्यक्ष बाघराय निकेत भारद्वाज व थानाध्यक्ष जेठवारा भी घटना स्थल पहुंचे। पुलिस अफसरों ने झाड़ियों में बहाए गए तमंचे, हाकी व मृतक राहुल सरोज की बाइक बरामद की। घायल चंदन यादव का इलाज यस आर यन प्रयागराज में चल रहा है। चंदन यादव जंगी उर्फ जंग बहादुर के पक्ष का प्रबल समर्थक बताया जा रहा है।

# जीवन–मूल्यों की शिक्षा से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा – डा. भारती गाँधी, संस्थापिका–निदेशिका, सी.एम.एस.

लखनऊ, 4 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन ऑडिटोरियम में किया गया। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए डा. गाँधी ने कहा कि जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा छात्रों का जीवन पर्यन्त साथ देती है। यदि हमने बच्चों में दया, क्षमा, सच्चाई, ईमानदारी, परिश्रम और सेवा भावना के गुण शुरू से ही डाल दिये तो छात्र समाज का उपयोगी नागरिक बनेगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को घर में ईश्वरभक्ति



से परिपूर्ण आध्यात्मिक एवं संस्कारित वातावरण उपलब्ध करायें। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि सी.एम.एस. द्वारा छात्रों को आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करने के कारण यहाँ के छात्र न केवल शिक्षा अपितु अन्य क्षेत्रों में भी नाम कमा रहे हैं और विद्यालय का नाम रौशन कर रहे हैं।

'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्व–धर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत–संगीत द्वारा ईश्वरीय एकता का ऐसा आलोक बिखेरा कि पूरा ऑडिटोरियम एकता और भाईचारे के संगीत से गूँज उठा। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया।सी.एम.एस. अयोध्या रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या सुश्री नूपुर डावरा ने अभिभावकों के सहयोग के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा परमात्मा का उपहार है और हमारा पूर्ण प्रयास है कि हर बच्चा समाज का प्रकाश बनें।

## उम्मीद रोशनी की समाजसेवी संस्था द्वारा शिक्षण सामग्री वितरित

झाँसी् उम्मीद रोशनी की समाजसेवी संस्था के माध्यम से बिजौली औद्योगिक क्षेत्र स्थित आदिवासी बस्ती में संचालित निरूशुल्क पाठशाला एवं डडियापुरा स्थित पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चो के मध्य शिक्षण सामग्री वितरित की एवं सभी बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में कराने हेतु बस्ती के निकट के विद्यालयों में प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित किया,किंतु बच्चों और उनके माता पिता का आधार कार्ड न होने के कारण उनका विद्यालय में दाखिला



कराने में असुविधा उत्पन्न हो रही है,जिसके संदर्भ में आप सभी न्यूज पेपर्स के माध्यम से उच्चाधिकारियों से इस ओर ध्यान आकर्षित करने का अनुरोध किया । आपको बता दें कि संस्था पिछले कई सालों से इन बस्तियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने के लिए अध्यापकगण नियुक्त किए हैं, जिनके द्वारा इन बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अन्य प्रतिभाओं में निखारने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं । आज वितरण कार्यक्रम के दौरान संस्था के सहयोगी साथी डॉ हरेंद्र यादव, पुलिस कर्मी जितेन्द्र यादव,निजाम खान,सुरेंद्र सिंह खाती, विजय हयारन, राजेंद्र राय आदि सदस्य मौजूद रहे ।

## महिलाओं व युवाओं को आर्थिक और सामाजिक शक्ति देगी कांग्रेस की न्याय गारन्टी

रिपोर्ट–– प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता झांसी । आज वार्ड नं. 3 भट्टागांव , खिरकपट्टी एवं सिंगर्रा में कांग्रेस के न्याय गारन्टी पत्र भरवाये गये। इस मौके पर आयोजित न्याय संकल्प सभा का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुये शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की न्याय गारन्टी योजना समाज की निर्धन महिलाओं व बेरोजगार युवाओं को आर्थिक और सामाजिक शक्ति प्रदान करेंगी। इस दौरान कांग्रेस ( इंडिया गठबंधन) प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को विजयी बनने की अपील की। इस मौके पर झांसी विधान सभा प्रभारी अरविंद बब्लू, शहर कोषाध्यक्ष भरत राय, पूर्व प्रदेश सचिव अनु. जाति विभाग अमीर चंद आर्य , विजय नारायण तिवारी, नफीस मकरानी, मानव श्रीवास्तव , शाहनबाज खान , इरफान अहमद, फारुख , सप्पा भाई, रमेश कुण्डलिया, फूल चंद ,पवन यादव, दीपक अहिरवार, आकाश अहिरवार, कुनाल अहिरवार,आमिर ,सलीम खान, सलमान, निजाम,शादाब , वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।



# बिजौली बस्ती एवं डडियापुरा बस्ती के नन्हे विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की

झाँसी! उम्मीद रोशनी की समाजसेवी संस्था के माध्यम से बिजौली औद्योगिक क्षेत्र स्थित आदिवासी बस्ती में संचालित निरूशुल्क पाठशाला एवं डडियापुरा स्थित पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चो के मध्य शिक्षण सामग्री वितरित की एवं सभी बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में कराने हेतु बस्ती के निकट के विद्यालयों में प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित किया,किंतु बच्चों और उनके माता पिता का आधार कार्ड न होने के कारण उनका विद्यालय में दाखिला कराने में असुविधा उत्पन्न हो रही है,जिसके संदर्भ में आप सभी न्यूज पेपर्स के माध्यम से उच्चाधिकारियों से इस ओर ध्यान आकर्षित करने का अनुरोध किया । आपको बता दें कि संस्था पिछले कई सालों से इन बस्तियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने के लिए अध्यापकगण नियुक्त किए हैं, जिनके द्वारा इन बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अन्य प्रतिभाओं में निखारने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं । आज वितरण कार्यक्रम के दौरान संस्था के सहयोगी साथी डॉ हरेंद्र यादव, पुलिस कर्मी जितेन्द्र यादव,निजाम खान,सुरेंद्र सिंह खाती, विजय हयारन, राजेंद्र राय आदि सदस्य मौजूद रहे ।



# भाजपा से नही बल्कि अपनों से घिर गए है इंडिया गठबंधन प्रत्याशी

## गठबंधन के लिए फायदेमंद नेताओं को घाटे का सौदा बताकर किया जा रहा है साइडलाईन

दिग्गज राजनितिकों को किया जा रहा नजरअंदाज



सुल्तानपुर (आरएनएस)। चुनाव और प्रबंधन का बेहतरीन मिश्रण यदि कहीं दिखाई दे रहा है तो सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में, उसकी वजह सासंद प्रतिनिधि रंजीत सिंह की इंजीनियरिंग और आम लोगों से सीधा जुडाव, जहा तक इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के चुनावी अभियान की बात है, तो उनके साथ जनाधार और निराधार किस्म के लोगों के चयन की दुश्वारी साफ दिखाई दे रही है। भाजपा में जहां राम–जुहार से पक्ष में उर्जा भरी जा रही है, तो वही इंडिया गठबंधन में दिग्गज नजरअंदाज किए जा रहे है। सूत्र बताते है कि प्रत्याशी बाहरी होने के कारण कुछ लोगों ने खुद को खुद से ही बड़ा नेता साबित करने के लिए राम भुआल निषाद को ऐसा चश्मा लगा दिया है जिससे वो जितना दिखा रहे है, उतना ही गठबंधन प्रत्याशी देख रहे है। यही वजह रही कि महल रिसॉर्ट की मीटिंग में निराधार लोग मंच पर रहे और जनाधार वाले पूर्व विधायक की तरफ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नें देखा तक नहीं खुद को नजरअंदाज होते देख अपने दर्जनों समर्थको के साथ महल रिसॉर्ट से वापस हो लिए। एक मुलाकात में पूर्व विधायक ने दर्द भी बयां किया और चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी। हालात यही रहे तो इंडिया गठबंधन मौजूदा सासंद से कैसे पार पाएगे, दूसरी तरफ भाजपा जिसमें हर कोने पर चुनावी रण को फतेह करने के लिए दिग्गज बैठे है और इन सबके साथ एक मास्टर प्लानर है। जिसे बड़ी से बड़ी समस्या को मुस्कुरा कर हल करने का हुनर आता है उसे रंजीत कहते है। देखना होगा कि रंजीत और जीत के बीच का फासला कितना होगा।

# बिना मानचित्र स्वीकृत के बने भवन मालिकों की अब खैर नहीं–एसडीएम सदर

## खाते की जमीन का न तो मूल दस्तावेज न ही मानचित्र की स्वीकृति

सुल्तानपुर। बीते महज दो महीने से उप जिला अधिकारी सदर की कुर्सी संभालते हुए लगता है साहब अब पूरी तरह एक्शन मूड़ में है, राज्य सरकार की भूमि हो या फिर नजूल व आबादी की भूमि, जहां इन जमीनों पर भूमाफियाओं की निगाह पहले से ही कब्जेदारी को लेकर गिद्ध दृष्टि थी। वहीं बस भूमाफियाओं की इस मजबूत कड़ी को तोड़ते हुए नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्रध्‌ उप जिलाधिकारी सदर परत–दर–परत जांच कर कार्यवाही करना शुरू कर दिए हैं। नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्रध्उप जिलाधिकारी सदर ठाकुर प्रसाद द्वारा अभी हाल ही में नगर कोतवाली पुलिस को दिए आदेश में कहा है कि मेजरगंज मोहल्ला रूद्र नगर स्थित मकान नंबर 612 खाते के मूल बैनामेदार लाल जी बरनवाल सुत नरसिंह ने अवैध कब्जे दार गोविंद बरनवाल व अन्य द्वारा लगातार भवन निर्माण कर रहे हैं। जिसकी वर्ष 2016–17 में वाद दायर किया था, जो धनबल के कारण अभी तक मामला विचाराधीन पिछले कई वर्षों से चला आ रहा था।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला रूद्र नगर मेंमकान नंबर 612 पर बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से बेसमेंट सहित तीन मंजिला मकान का निर्माण जबरन किया जा रहा है। उक्त जमीन के खातेदार की शिकायत पर पूर्व में ही अवर अभियंता से गहनता से जांच कराते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को अवैध निर्माण रोकने हेतु निर्देश जारी किया था। जो मामला सिफर रहा। बताते चले कि रूद्र नगर मोहल्ला मेजरगंज करौंदिया के मकान नंबर 612 पर बिना मालिकाना हक प्राप्त किये गोविंद बरनवाल सुत राजा राम ने भवन निर्माण स्वीकृति हेतु नियत प्राधिकारी के यहां दिनांक 30ध10ध 2014 मानचित्र संख्या 637 प्रस्तुत किया था, जो अभिलेखों के मूल साक्ष्य न दे पाने के अभाव में मानचित्र स्वीकृत नहीं हो सका था। यही नहीं इसके बाद गोविंद बरनवाल द्वारा कोतवाली नगर पुलिस की सह पर फर्जी वसीयत नामा के आधार पर मनमानी तरीके से भवन निर्माण करने लगे। नियत प्राधिकारी विनिमय क्षेत्र उप जिलाधिकारी सदर ठाकुर प्रसाद द्वारा नगर क्षेत्र की कमान संभालने के महज दो माह बाद 1 अप्रैल 2024 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को आर ए सी पत्र संख्या 91 कडाई से जारी करते हुए कहा है कि गोविंद बरनवाल सुत राजा राम द्वारा मकान नंबर 612 जो भूगेह प्रथम और द्वितीय तल पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए जबरदस्ती निर्माण हो रहा है। उत्तर प्रदेश निर्माण कार्य विनिमय अधिनियम 1958 के अंतर्गत विपक्षी को नोटिस भी जारी किया गया था इसके पूर्व भी अवैध निर्माण रोकने हेतु अवर अभियंता से आख्या प्राप्त कर थाना कोतवाली नगर को निर्देशित किया गया था। जिसके तहत पुनः पत्र जारी करते हुए नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र ने साफ कहा है कि बिना मूल दस्तावेज के जमीन का मालिकाना हक कदापि कहीं राजस्व अभिलेख में दर्ज ही नहीं है।

# चार लाख कीमत की अवैध स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

सुलतानपुर (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में वारंटीध्वांछित अपराधियों के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस टीम सकरदे के निकट वाहन चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त लगभग 100 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया है। पकड़े जाने के उपरांत अभियुक्त ने अपना नाम नन्हकऊ सुत बरखू हरिजन निवासी बूढ़ापुर थाना करौंदीकला बताया। पुलिस ने उक्त अभियुक्त के पास से




100 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया है,जिसकी कीमत लगभग चार लाख के आसपास है। पुलिस अग्रिम विधिक कार्यवाही कर रही है। अभियुक्त को पकड़ने में उपनिरीक्षक संतोष शुक्ला, रजत सचान आदि ने मुख्य भूमिका निभाई। अभी कल ही बल्दीराय थानाक्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की खबर जोर शोर से चली थी।

# पुलिस कंट्रोल रूम फायर सर्विस एवं एंबुलेंस से संबंधित छात्राओं को जानकारी दी गई

झांसी! आज सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झांसी के प्रांगण में स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के मई माह के कार्य योजना के तहत एसपीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता यातायात संकेत व सतर्कता के ऊपर एसपीसी नोडल प्रवक्ता असमा खान द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, साथ ही शिक्षिका रचना नामदेव ने छात्राओं को यातायात के दौरान करने एवं नहीं करने योग्य बातें, दुर्घटना एवं उनकी रोकथाम के तरीके, दुर्घटना में एक नागरिक की भूमिका क्या होनी चाहिए जैसी बातें बतायी व नाटकीय रूप से प्रदर्शित भी कराई। इसके पश्चात प्रधानचार्या श्रीमती निधि चौहान ने दुर्घटना से संबंधित महत्वपूर्ण सरकारी विभाग, पुलिस कंट्रोल रूम फायर सर्विस एवं एंबुलेंस आदि से संबंधित अति महत्वपूर्ण जानकारी से कैडेट्स को अवगत कराया गया कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई, तदुपरांत प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को प्रधानाचार्या निधि चौहान, प्रवक्ता असमा खान व रचना नामदेव द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसपीसी कैडेट्स सहित विद्यालय की समस्त छात्राएं व शिक्षिकाएं उपस्थिति रही।



# देश तोड़ने वाली ताकतों से लड़ने के लिए बना इंडिया गठबंधन–प्रदेश महासचिव

सुल्तानपुर (आरएनएस)। शनिवार को बूथ स्तर पर इंडिया गठबंधन का समन्वय स्थापित करने के लिए कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी व प्रदेश महासचिव अविनाश पाण्डेय पहुंचे। एक निजी रिसॉर्ट में उन्होंने कांग्रेस, सपा और आप के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मीटिंग लेकर उन्हें चुनावी मंत्र दिए। मीडिया से बात करते हुए अविनाश पाण्डेय ने भाजपा और मोदी पर हमला बोला। राहुल के अमेठी से नहीं लड़ने पर भाजपा के डर कर भाग जाने वाले बयान पर उन्होंने कहा सुबह से शाम तक भाजपाइयों को राहुल गांधी से डर लगता है। उन्होंने कहा अमेठी लड़े या रायबरेली लड़े, अमेठी में भी तो लड़ कांग्रेस का प्रत्याशी ही रहा है। रायबरेली जिसका प्रतिनिधित्व हमेशा से सोनिया और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने किया है अब सोनिया गांधी राज्यसभा में चली गई हैं तो नेतृत्व के ये एहसास हुआ कि वहां का प्रतिनिधित्व राहुल गांधी करें। उन्हें आदेशित किया गया। एक पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने उस आदेश को स्वीकार किया। अब सुबह से शाम राहुल के नाम के बिना लोकत्रंत है कोई कही से भी चुनाव लड़ सकता है। वही उन्होंने कहा मोदी इस चीज का जवाब दें कि वो इतना क्यों डर रहे हैं। पहले वो इस चीज का जवाब दें कि इस देश की जनता से जो वादा किया था उस पर उत्तर दें। इस देश के लोकत्रंत को कमजोर किया जा रहा ये उन पर आरोप लगा है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। पंद्रह लाख जो हमारे एकाउंट में जमा होने थे दस साल बीत गए आजतक जमा नहीं हुए। इस देश में 2 करोड़ के मत से 20 करोड़ नौकरियों उपलब्ध होनी थी युवक प्रश्न पूछ रहे हैं। इस देश में महंगाई आसमान पर है बेरोजगारी चरम सीमा पर है। अर्थव्यस्था चरमराई हुई है। किसान आत्महत्या कर रहा है इसका जवाब दें जो की इस चुनाव के विशेष मुद्दे हैं। अविनाश पाण्डेय ने बताया कि गठबंधन की समन्वय बैठक मैं 80 लोकसभा सीटों पर मैं ले रहा हूं। उसका उद्देश्य प्रमुख रूप से जितने भी हमारे घटक दल हैं जिनको लेकर ये गठबंधन बना हुआ है जहां राष्ट्रीय पार्टी के साथ समाजवादी पार्टी और हमारे अन्य दल भी उन सबमें बेहतर समन्वय हो। क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर तो हमारा बेहतर समन्वय हो गया लेकिन ये समन्वय बूथ स्तर तक कायम ताकि इस चुनाव में हम गठबंधन की जीत को सुनिश्चित कर सके। सभी संगठनों की ताकत को जोड़कर एक मजबूत ताकत के साथ भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करें यही उद्देश्य है। यही संदेश मल्लिका अर्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का लेकर मैं यहां उपस्थित हुआ हूं। अखिलेश यादव और राहुल गांधी अन्य जगहों पर बड़ी बड़ी आम सभाएं कर रहे हैं। लेकिन असली समन्वय नीचे स्तर पर जो कार्यकर्ताओं के बीच होना चाहिए यहां ऐसा हुआ। ये 29वीं लोकसभा थी। आगे मैं अमेठी और आगे बढ़ जाऊंगा।

# बीईओ ने बंद कराए गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय

सुल्तानपुर (आरएनएस)। बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शनिवार को खंड शिक्षाअधिकारी ने औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से चल रहे तीन विद्यालयों को बंद करा दिया। महकमे की इस कार्रवाई से बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों के संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि बेसिक शिक्षा महकमा बीते कई दिनों से बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों को बंद करने के लिए चेतावनी जारी कर रहा था। इसी क्रम में शनिवार को कुड़वार ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने विभागीय कर्मियों के साथ अलीगंज व आसपास के इलाके में चल रहे स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण चार स्कूल मान्यता संबंधित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। निरीक्षण में पूरे पंवार में छत्रपति फाउंडेशन स्कूल, कोटिया में ब्राइट इंडियन एजुकेशनल अकादमी, अलीगंज में न्यू लाइट पब्लिक स्कूल, और एक अन्य स्कूल बिना मान्यता के संचालित होते मिले, इन विद्यालयों को मौजूद प्रधानाचार्य और संचालकों को चेतवानी देते हुए बंद करा दिया गया। बीईओ श्री सिंह ने कहा कि बिना मान्यता के स्कूल संचालित नहीं होने दिया जाएगा, अगर ये विद्यालय खुले मिले तो कार्रवाई की जाएगी।

# किसान की मौत पर भाकियू नाराज

## –परिवार को 20 लख रुपए आर्थिक सहायता दिलाने की मांग

अयोध्या (आरएनएस)। प्रशासन द्वारा फर्जी कार्रवाई तथा साडो के रख रखाव के नाम पर फर्जी बिल व कार्यवाही के चलते तमाम किसानों की फासले जानवर चर रहे हैं और किसान सारी रात अपने फसल की सुरक्षा में खेतों में रखवाली करते बिता रहा है कई किसान छुट्टा जानवरों के हमले से मर रहे हैं तहसील मिल्कीपुर अंतर्गत ग्राम पराधांत हुआ के किस सत्यनारायण मिश्रा जो अपने खेत में सिंचाई का कार्य कर रहे थे अचानक छुट्टा साड द्वारा अचानक हमला कर दिए जाने से उनकी मृत्यु सही इलाज न मिल पाने से हो गई। जिला प्रशासन तथा थाने के कर्मचारी सिर्फ पैसा वसूल ने और फर्जी बिल बनाने में मस्त है किसान मौत के आ उसमें समाकर कार्यों के बोझ के तले दबकर अपने जीवन लीला समाप्त करने पर लगा है प्रशासनिक अधिकारियों यदि समय रहते बैलों का सही प्रबंधा किए होते जबकि बार–बार यह शिकायत आती रही की वह साल मा कहा है कई किसानों को मार चुका है परंतु प्रशासनिक अधिकारी महात्मा गांधी के तीन बंदरों की भूमिका में बैठ गए हैं ऐसा नहीं है कि प्रशासन बैलों को समर्पित करने के लिए धन नहीं देता बजट तो पर्याप्त मात्रा में आता है परंतु फर्जी बिल बनाकर सारा धन कर्मचारी और अधिकारी डकार जा रहे हैं भारतीय किसान यूनियन ने आपातकालीन बैठक कर जिला अधिकारी से श्री मिश्रा के परिवार को 20 लख रुपए आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की तथा उस ब्लॉक के दोषी कर्मचारी जिन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन नहीं किया के विरुद्ध शिथिलता के कारण जानवरों द्वारा किसानों की हत्याएं होने के लिए दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की। इसके लिए किसने जिला अधिकारी तथा उनके माध्यम से प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन देने की मनसा व्यक्ति की, कि जिला प्रशासन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री को हम लोगों का ज्ञापन सौपें गें। बैठक में शिव प्रसाद पांडे,नरेंद्र कुमार तिवारी, रामेंद्र कुमार पांडे, राम भुलावन पाठक, मंगला श्रीवास्तव, गीता यादव, राजकुमार गुर्जर, मुन्ना पांडे, रमेश पांडे सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# मोदी ने देश में खत्म किया भ्रष्टाचार – सर्वजीत सिंह

रूदौली–अयोध्या (आरएनएस)। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख रुदौली सर्वजीत सिंह ने आज रुदौली विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पहुंचकर लगाई चौपाल। लोगों के बीच पहुंचकर किया सघन जन संपर्क गिनाई सरकार की नीतियां। श्री सिंह ने कहा कि यह वक्त भड़काने का और किसी के बहकावे में आने का नहीं है बल्कि देश के हित में फैसला लेने का है देश का हित और विकास सिर्फ मोदी जी के हाथों में सुरक्षित है उन्होंने लोगों से हाथ उठाकर भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को ऐतिहासिक मतों से जीताने की अपील की। रुदौली के लोगों से अयोध्या लोकसभा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह के पक्ष में घरों से निकलकर वोट करने की अपील की। उनके साथ मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने बताया भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सब का साथ सबका विकास के नारे पर काम करती है हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सबके लिए कार्य करने के लिए कटिबंधा है। उन्होंने बताया भाजपा जाति विशेष की राजनीति नहीं करती अगर उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर हिंदू बहनों को मिला तो वही मुस्लिम बहनों को भी मिला।

विजडम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

sheelshukla100@gmail.com


# संपादकीय

## जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी

अमेरिका में बैठे कांग्रेस हितैषी सैम पित्रोदा (सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा) ने सुदूर भारत की उनींदे से चुनाव प्रचार में करंट पैदा कर दिया है। उन्होंने अमेरिकी विरासत–कर प्रणाली की सराहना करते हुए भारत में इसकी संभावना पर विचार करने को कहा है।इस एक मशविरा ने भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को कांग्रेस पर हमले के लिए दोनों हाथों में मुद्दा दे दिया है–एक ब्रह्मास्त्र थमा दिया है। वे इसे पुरखों की गाढ़ी कमाई से खड़ी की गई संपत्ति–परिसंपत्ति पर 'पंजा' मारने की लुटेरी नीयत मान रहे हैं। उसका 'लूट प्लान जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी' जारी रहने वाला है यानी माता–पिता के जीवित रहते कर लेंगे और उनके बाद वारिसों से भी। वे खुल्लमखुल्ला इशारा कर रहे हैं कि कांग्रेस उनकी संपत्ति छीन कर किसी को (मुसलमानों को?) दे देगी। धन–संपदा मनुष्य की एक स्थायी नैसर्गिक कामना है। इसे हथियाने की बात होगी तो लोग–बाग कांग्रेस से बिदकेंगे ही। पित्रोदा के सहसा सीन में आने के दो दिन पहले तक मोदी कांग्रेस के मैनिफेस्टो में संपत्ति के सर्वेक्षण पर समझा रहे थे कि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपकी संपत्ति छीन कर 'ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले' और 'घुसपैठिए' को दे देगी–महिलाओं से उनके मंगलसूत्र तक छीन लेगी। जबकि कांग्रेस का एजेंडा एक दशक में बढ़ी आय–असमानता की वजहों की जांच का है। पर मैनिफेस्टो से मोदी के जबरदस्ती निकाले जिन ने लोगों को डराना शुरू कर दिया। तब भी मोदी इन हथियारों की मारकता शेष चुनाव तक बने रहने पर आस्त नहीं थे। वे कांग्रेस और उसके गठबंधन के दुष्प्रचार के आगे डिफेंसिव थे। जो कह रहे थे कि 'मोदी अबकी सत्ता में आए तो न आगे चुनाव होगा, न संविधान बचेगा और न आरक्षण रहेगा।' लेकिन पित्रोदा की गलत टाइमिंग ने मोदी का समय सही कर दिया। वे फ्रंट पर हैं और विपक्ष बैकफुट पर। हालांकि कांग्रेस ने सैम की राय को निजी बता कर पल्ला झाड़ लिया है। पर नुकसान की भरपाई मुश्किल है। अमेरिका में कुल विरासती संपत्ति के मूल्य का 55 फीसद हिस्सा सरकार ले लेती है। शेष 45 फीसद पर ही भावी पीढ़ी का हक होता है। यह विश्व के दर्जनों देश में लागू है। भारत में राजीव गांधी सरकार ने वित्तमंत्री वीपी सिंह के सुझाव पर इसे अनुत्पादक मानते हुए निरस्त कर दिया था। पर इस गए विचार ने भारतीय चुनाव में एक नया हलचल पैदा कर दिया है।

## अर्थव्यवस्था के लिए महत्त्वपूर्ण

हाल में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वष्रा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि वर्ष 2024 में दक्षिण–पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद है, जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी।गौरतलब है कि विभिन्न रिपोटरे में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीदारी भी उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में वृद्धि हुई है।यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून, 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रूप लेने में कोई दो माह बकाया हैं, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक है।दुनिया में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जी उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जहां कोविड–19 की आपदा से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनिया भर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुि्ठयों में ले लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अनाज, गैर–बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के भारत से निर्यात में भी भारी वृद्धि दर्ज की गई है।कई छोटे देशों के बाजार भी भारत की मुि्ठयों में आए हैं। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां भारत से निर्यात में वृद्धि नहीं हुई हो। अब भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षो में खाद्य प्रसंस्करण निर्यात में 15 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदाथरे की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं–डेयरी क्षेत्र, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, अनाज का प्रसंस्करण, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा उपभोक्ता वस्तुएं पैकेटबंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के मामले में यह भी उल्लेखनीय है कि इन प्रमुख पांच क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुि्ठयों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि फरवरी, 2024 में भारत द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की गई।

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागतयोग्य फैसला





हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति–रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक–संस्था को मजबूती मिलेगी। हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज–व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन–देन नहीं है।

कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति–रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह–संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दर्शाया गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे–दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि + वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है – विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म–जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक सम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य 'काम' के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे–धीरे 'मोक्ष' की ओर बढ़ना है। एक पुरुष और महिला के जीवन में कई महत्वपूर्ण चीजें शादी से जुड़ी होती हैंय उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला के बीच प्यार, उनका रिश्ता, संतान, उनके माता–पिता, उनके जीवन में विभिन्न सुखद घटनाएं, सामाजिक स्थिति और समृद्धि। हिंदू समाज में एक विवाहित महिला को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उसके माथे पर कुमकुम–सिन्दूर के साथ एक महिला की दृष्टि, उसके गले में एक मंगलसूत्र पहने हुए, हरी चूड़ियाँ, पैर के अंगूठे के छल्ले और छह या नौ–यार्ड साड़ी स्वचालित रूप से एक पर्यवेक्षक के मन में उसके लिए सम्मान उत्पन्न करता है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से, कम से कम तीन ऐसे हैं, जहां जोड़े अपने बुजुर्गों की देखभाल करने का वादा करते हैं। पांचवां वचन अपनी संतान पैदा करने और उसकी देखभाल करने का है। हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरुआत के साथ, लव–मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक–रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार–संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है,

# भारत के विरुद्ध अमेरिकी एजेंसियों समेत पश्चिमी देशों की फितरत पर दमदार पलटवार की है जरूरत, अन्यथा नहीं चेतेंगे



कहना न होगा कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, मीडिया की स्वतंत्रता और भूख जैसे मुद्दों पर भारत को जानबूझकर निशाना बनाया जाता है। क्योंकि कुछ सरकारों की आदत होती है कि वह दूसरों से जुड़े हर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हैं। इसलिए भारत सरकार ने भी सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है।भारत सरकार ने अमेरिका की एक प्रतिष्ठित एजेंसी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) पर भारत में जारी आम चुनाव 2024 की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। क्योंकि गत दिनों ही यूएससीआईआरएफ की तरफ से धार्मिक आजादी पर एक रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें भारत में धार्मिक आजादी की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए इसकी स्थिति लगातार खराब होने की बात कही गई है। यही वजह है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यूएससीआईआरएफ को राजनीतिक एजेंडे वाला पक्षपाती संगठन करार दिया है। यही नहीं, उन्होंने सालाना स्तर पर जारी होने वाली इस रिपोर्ट को राजनीतिक प्रोपेगंडा कहा है। बकौल रणधीर जायसवाल, ष्यूएससीआईआरएफ को राजनीतिक एजेंडे वाले पक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है। इसने वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में भारत के बारे में अपना दुष्प्रचार प्रकाशित करना जारी रखा है। हमें वास्तव में ऐसी उम्मीद भी नहीं है कि यह आयोग भारत की विविधतापूर्ण, बहुलतावादी और लोकतांत्रिक मूल भावना को समझने की कोशिश भी करेगा। उनके द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए किए गए प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। यूँ तो अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया के दौरान वहां के राजनीतिक दल और राजनेता कभी चीन तो कभी रूस पर हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन अब भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने बजाप्ता प्रेस कांफ्रेंस करके अमेरिका की प्रतिष्ठित एजेंसी यूएससीआईआरएफ पर भारत में जारी चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का जो आरोप लगाया है, उसके गहरे निहितार्थ हैं। क्योंकि यह पहला मौका है जब भारत ने किसी अमेरिकी एजेंसी पर लोकतांत्रिक तरीके से होने वाली चुनावी प्रक्रिया में अमेरिकी एजेंसी की तरफ से हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। संभवतया यह अमेरिकी एजेंसियों को लेकर भारत के बदले रवैये को भी बतलाता है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि अमेरिका भारत का एक अहम रणनीतिक साझीदार देश है। हाल के वर्षों में भारत के द्विपक्षीय रिश्तों में जितनी गहराई अमेरिका के साथ आई है, वैसा किसी भी दूसरे देश के साथ देखने को नहीं मिला है। बावजूद इसके अमेरिका या कुछ दूसरे पश्चिमी देशों की एजेंसियों की तरफ से भारत में मानवाधिकार, धार्मिक आजादी, प्रेस की स्वतंत्रता जैसे मुद्दे के जरिये किये जाने वाले हस्तक्षेप भारतीय नेतृत्व बर्दाश्त नहीं कर सकता है। इसलिए ऐसे हस्तक्षेप को लेकर सख्ती से जवाब देने की रणनीति भारत अपना चुका है, जो बहुत बड़ी बात है। कहना न होगा कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, मीडिया की स्वतंत्रता और भूख जैसे मुद्दों पर भारत को जानबूझकर निशाना बनाया जाता है। क्योंकि कुछ सरकारों की आदत होती है कि वह दूसरों से जुड़े हर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हैं। इसलिए भारत सरकार ने भी सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है। हमें इस बात पर फक्र होना चाहिए कि आज का भारत एक गाल पर तमाचा मारने पर दूसरा गाल आगे नहीं बढ़ाता। क्योंकि अगर अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देश यदि भारत विरोधी प्रतिक्रिया दे सकते हैं, तो भारत भी अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देशों के खिलाफ प्रतिक्रिया दे सकता है। उन्हें यह याद रखना चाहिए कि विदेश के मामले में दखल देने की यह आदत कभी कभी उल्टी भी पड़ सकती है। हैरत की बात तो यह है कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट में भारत में धार्मिक स्थिति को लेकर काफी विवादास्पद टिप्पणी की गई है। इसमें भारत को अफगानिस्तान, अजरबैजान, नाइजीरिया, वियतनाम जैसे देशों की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय से आग्रह किया गया है कि भारत को भी धार्मिक आजादी को लेकर खास चिंता वाले देश (सीपीसी) की श्रेणी में रखा जाए। इस श्रेणी में रखे जाने वाले देशों को लेकर अमेरिकी प्रशासन का रवैया अलग होता है। साथ ही उन पर कई तरह के प्रतिबंधा लगाने की व्यवस्था है। याद दिला दें कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट आने से कुछ दिन पहले ही अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत में मानवाधिकारों की स्थिति पर चिंता जताई थी। जिसपर पलटवार करते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय ने दो टूक जवब दिया था कि अमेरिकी संस्थाएं भारत के बारे में अपनी खराब समझ का परिचय दे रही हैं। भारत के प्रति जितना दुराग्रह अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में झलक रहा था, उतना ही यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट में भी। इससे स्पष्ट है कि पश्चिमी देशों यानी अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन आदि देशों का श्रेष्ठता बोध कभी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जबकि इन देशों की हकीकत अब दुनियावी देशों से छिपी हुई नहीं है। अमरीकी नस्लीय हिंसा और वहां के विश्वविद्यालयों में हो रहे पक्षपाती प्रदर्शनों के बारे में वह खुद ही समझ ले, तो उसके दूरगामी हित में होगा। सीधा सवाल है कि भारत के आंतरिक मामलों में अनावश्यक टिप्पणी करने वाले पश्चिमी देशों की संस्थाएं क्या दुनिया को यह बता पाएंगी कि अमेरिका में पुलिस विश्वविद्यालयों में धावा क्यों बोल रही है और ब्रिटेन अवैध प्रवासियों को पकड़–पकड़ कर रवांडा क्यों भेज रहा है? इसी तरह कनाडा में हड़ताली ट्रक ड्राइवरों से निपटने के लिए आपातकाल क्यों लगा दिया जाता है? इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि ये वही पश्चिमी संस्थाएं हैं जो कृषि कानून विरोधी उग्र आंदोलन और शाहीन बाग के अराजक धरने को एक तरह से न केवल अपना समर्थन दे रही थीं, बल्कि भारत को मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पाठ भी पढ़ा रही थीं। मेरा मानना है कि अमेरिका, कनाडा समेत यूरोपीय देश तब तक बाज नहीं आने वाले जब तक भारत भी इन देशों के मामलों में अपनी प्रतिक्रिया देना नहीं शुरू करता। वैसे भी भारत को केवल प्रतिक्रिया ही नहीं देनी चाहिए, बल्कि बाकायदा रिपोर्ट जारी कर यह बताना चाहिए कि इन देशों में क्या कुछ गड़बड़ हो रही है, क्योंकि किसी भी देश में सब कुछ ठीक नहीं रह सकता है। जब भारत ऐसा करेगा, तभी पश्चिमी देश चेतेंगे, अन्यथा कतई नहीं।

## आज का राशिफल

मेष राशि आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

वृष राशि आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है, दोनों के बीच रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए योग की रूटीन अपनाएं, फायदा मिलेगा।

मिथुन राशिरू आज का दिन आपके लिए मिला–जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब भी होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगाएं। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुडकर नाम कमाने का मौका मिलेगा।

कर्क राशिरू आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जाएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो सफलता दिलाने में मददगार साबित होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त और सृजनात्मक होंगे।

सिंह राशिरू आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं।

कन्या राशिरू आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप मित्रों के साथ कोई निवेश संबंधी योजना बनाएंगे, जिसमें आपको बहुत ही सोच विचार कर आगे बढना होगा।

तुला राशिरू आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान–सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक राशिरू आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आमोद–प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी।

धनु राशिरू आज का दिन ठीक–ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकता है, इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में न करें।

मकर राशिरू आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा।

कुंभ राशिरू आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें।

मीन राशिरू आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खघस रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

# एनिमेटेड सीरीज बाहुबली–क्राउन आफ ब्लड का ट्रेलर हुआ रिलीज ,अनदेखी कहानियों का होगा खुलासा

साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली ने इउंटरनेशनल लेवल पर इतिहास रचा था. इस फिल्म की कहानी को लेकर आज भी दर्शकों में रोमांच कायम है. वहीं पहले भाग की रिलीज के बाद एक इंटरनेशनल सवाल बन गया था कि कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा ? फिल्म के दूसरे भाग को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था. अब ओटीटी पर बाहुबली अलग अवतार में आने वाली है. एसएस राजामौली की ये फिल्म अब एक एनिमेटेड सीरीज में रिलीज होगी. इसका नाम बाहुबलीरू क्राउन ऑफ ब्लड रखा गया है. शो का ट्रेलर लॉन्च किया गया है. इसे मेकर्स फिल्म का प्रीक्वल बता रहे हैं.

माहिष्मती साम्राज्य पर आधारित ये सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लैटफॉर्म हॉटस्टार पर आने वाली है. इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है. नया एनिमेटेड प्रोजेक्ट फिल्म फ्रेंचाइजी का प्रीक्वल है. एक बयान के अनुसार, बाहुबलीरू क्राउन ऑफ ब्लड, एक ऐसी कहानी है जहां बाहुबली और भल्लालदेव महिष्मति के महान साम्राज्य को बचाने के लिए साथ लड़ते हैं. दोनों भाई अपनी खटास भूलकर रक्तदेव नाम के रहस्यमय सरदार के खिलाफ सिंहासन की रक्षा के लिए हाथ मिलाते हैं. सीरीज देखकर दर्शक एक्साइटमेंट से भर गए हैं.

फिल्म में प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी और तमन्ना भाटिया ने अभिनय किया था. एनिमेटेड सीरीज में भी किरदार हूबहू इनके चेहरे से मिले–जुले बनाए गए हैं. हमें प्रभास और राणा दग्गुबाती की झलक देखने को मिलती है.पावर–पैक एक्शन सीरीज 17 मई 2024 से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है.बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के निर्माता राजामौली ने कहा, बाहुबली की दुनिया बहुत विशाल है, और फिल्म फ्रेंचाइजी इसका सटीक परिचय थी. यह कहानी पहली बार बाहुबली और भल्लालदेव के एक काले रहस्य को उजागर करेगी क्योंकि



दोनों भाइयों ने मिलकर माहिष्मती को बचाया था. हम बाहुबली के प्रशंसकों के लिए इस नए अध्याय को पेश करके और इस कहानी को एनिमेटेड प्रारूप में लाकर बेहद खुश हैं.

# अजय देवगन की मैदान की कमाई में अब हो रहा इजाफा, बड़े मियां छोटे मियां का खेल खत्म होता आ रहा नजर

अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा 'मैदान' और अक्षय कुमार–टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' को सिनेमाघरों में अब तीन हफ्ते पूरे हो चुके हैं. बड़ी स्टार कास्ट वाली इन दोनों फिल्मों की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस बेहद निराशाजनक रही है.हालांकि दोनों फिल्मों के दमदार ट्रेलर देखने के बाद उम्मीद की जा रही थी ये साल 2024 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्ट साबित होंगी लेकिन हुआ इसका उल्टा. हालांकि 'मैदान' फिर भी अब बॉक्स ऑफिस पर अपनी कमाई की रफ्तार बढ़ा रही है लेकिन बड़े मियां छोटे मियां का बेहद बुरा हाल है. चलिए यहां जानते हैं अक्षय कुमार और अक्षय देवगन की इन फिल्मों ने रिलीज के 22वें दिन कितना कलेक्शन किया है?'बड़े मियां छोटे मियां' काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में ईद के मौके पर रिलीज हुई थी. फिल्म ने ओपनिंग डे पर डबल डिजीट में कमाई की थी जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म अक्षय और टाइगर के डूबते करियर की नैय्या को पार लगा देगी. लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ. इसके बाद फिल्म की कमाई में हर दिन गिरावट दर्ज की गई. दर्शकों को फिल्में खूब मार–धाड़ तो मिली लेकिन कमजोर कहानी ने इस फिल्म की लुटिया डूबो दी और अब ये टिकट काउंट पर पाई–पाई को मोहताज है. फिल्म की कमाई की बात करें तो 'बड़े मियां छोटे मियां' ने पहले हफ्ते 49.9 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 8.6 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के तीसरे हफ्ते के तीसरे गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बड़े मियां छोटे मियां' ने रिलीज के 22वें दिन महज 40 लाख की कमाई की है. इसके बाद 'बड़े मियां छोटे मियां' का 22 दिनों का कुल कलेक्शन अब 62.45 करोड़ रुपये हो गया है. अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा 'मैदान' का ईद के मौके पर अक्षय–टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' से क्लैश हुआ था.



जहां 'बड़े मियां छोटे मियां' को दर्शकों से काफी खराब रिस्पॉन्स मिला तो वहीं 'मैदान' की कहानी की खूब तारीफ हुई और अजय देवगन की एक्टिंग को भी सभी ने सराहा. बावजूद इसके 'मैदान' भी कुछ खास कलेक्शन नहीं कर पाई है.फिल्म रिलीज के तीन हफ्ते पूरे होने के बाद भी आधी लागत नहीं वसूल पाई है. हालांकि तीसरे हफ्ते में 'मैदान' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी खासी तेजी दिखाई और 21वें दिन तो फिल्म ने करोड़ों में भी कमाई की. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो 'मैदान' की पहले हफ्ते की कमाई 28.35 करोड़ और दूसरे हफ्ते का कलेक्शन 9.95 करोड़ रुपये है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के तीसरे हफ्ते के तीसरे गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मैदान' ने रिलीज के 22वें दिन 55 लाख की कमाई की है. इसी के साथ 'मैदान' का 22 दिनों का कुल कलेक्शन अब 45.65 करोड़ रुपये हो गया है.

# फिल्म कुबेर से नागार्जुन अक्किनेनी की दिलचस्प फर्स्ट लुक जारी

शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुप्रतीक्षित सामाजिक नाटक कुबेर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। फिल्म में धनुष के किरदार के हालिया खुलासे ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जिससे इसकी रिलीज की प्रत्याशा बढ़ गई है। अब किंग नागार्जुन अक्किनेनी का आधिकारिक फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसका प्रीमियर आज विशेष रूप से स्टार स्पोर्ट्स पर किया गया।निर्माताओं ने फिल्म कुबेर से नागार्जुन का पहला लुक जारी किया। वीडियो में अभिनेता साधारण लेकिन आकर्षक लगे। वह हाथ में छाता लिए एक ट्रक के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। पहली झलक में कैश से भरा एक भारी कंटेनर नजर आ रहा है। चूंकि बारिश हो रही है इसलिए नागार्जुन छाता लेकर पहुंचते हैं। जब वह 500 का नोट जमीन पर गिरा हुआ देखते हैं तो वह अपने बटुए से दूसरा नोट निकालते हैं और ट्रक



में रख देते हैं।ऐसा प्रतीत होता है कि फिल्म में नागार्जुन एक ईमानदार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, पहली नजर में उनके किरदार के अन्य विवरण सामने नहीं आए हैं। देवी श्री प्रसाद ने क्लिप के लिए एक शानदार बीजीएम स्कोर किया। कुशल निर्माता शेखर कम्मुला धनुष और नागार्जुन को विपरीत भूमिकाओं में दिखा रहे हैं। जहां फर्स्ट लुक में धनुष एक गरीब लडके के गेट–अप में नजर आए, वहीं नागार्जुन अपने फर्स्ट लुक पोस्टर में बेहद क्लासी लगे।सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा निर्मित फिल्म कुबेर में रश्मिका मंदाना की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण बताई जा रही है। कुबेर एक पैन इंडिया फिल्म है जिसमें धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है।

# अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर जाली एलएलबी 3 की शूटिंग हुई शुरू, खिलाड़ी ने शेयर किया मजेदार वीडियो

अक्षय कुमार बैक टू बैक फ्लॉप फिल्मों दे रहे हैं. पिछले तीन सालों में ओएमजी 2 को छोड़ दे तो उन्होंने कोई बड़ी हिट फिल्म नहीं दी है. हाल ही में अक्षय कुमार बड़े मियां, छोटी मियां में नजर आए थे. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत अच्छी की. लेकिन एक हफ्ते बाद की यह फ्लॉप हो गई. इससे पहले अक्षय कुमार मिशन रानीगंज लेकर आए थे. यह फिल्म भी बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई. लगातार फ्लॉप फिल्मों के बीच अब अक्षय कुमार ने अपनी एक और फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. उनकी यह फिल्म सात पहले आई फिल्म का रीमेक है.दरअसल अक्षय कुमार ने जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर दी है. इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म साल 2013 में आई थी. जिसमें अरशद वारसी मुख्य भूमिका में थे. जिसका निर्देशन सुभाष कपूर ने किया था. इस फिल्म की शानदार सफलता के बाद सुभाष कपूर साल 2017 में अक्षय कुमार के साथ जॉली एलएलबी 2 लेकर आए. इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस बेहतरीन कमाई की थी. दोनों फिल्मों की सफलता के बाद अब जॉली एलएलबी 3 लेकर आ रहे हैं. इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दिया गया है. जॉली एलएलबी 3 में इस बार अक्षय कुमार के साथ अरशद वारसी भी नजर आने वाले हैं. एक्टर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें अक्षय कुमार और अरशद वारसी दोनों जॉली एलएलबी के रोल में दिख रहे हैं. वहीं जज के रोल में नजर आ रहे हैं सौरभ शुक्ला बता रहे हैं कि जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है. हालांकि यह फिल्म कब रिलीज होगी इसका अभी घोषणा नहीं हुई है. सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला का यह वीडियो वायरल हो रहा है. जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं.



# मोनालिसा ने लाल साड़ी में दिखाया कातिलाना अंदाज, तस्वीरें हो रही हैं वायरल

भोजपुरी इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना मोनालिसा आए दिन अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।



टीवी की सुपरबोल्ड एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण इंटरनेट पर लाइमलाइट में रहती हैं। उनकी हर एक तस्वीरें चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों को देखकर लोग उन पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि मोनालिसा ने रेड कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चलाती हुई नजरह आ रही हैं। ओपन हेयर, गले में गोल्ड के बड़े से नेकलेस, कानों में झुमकें और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा की इन तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। साथ ही कॉमेंट्स के जरिए रिएक्शंस भी दे रहे हैं। एक यूजर ने मोनालिसा की फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है बेहद

खूबसूरत हैं आप, वहीं दूसरे ने लिखा है– सो अमेजिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है– मोना की हर अदाएं कातिल हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

# रणवीर सिंह के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट, साउथ इंडस्ट्री के ब्लाकबस्टर डायरेक्टर प्रशांत वर्मा संग करेंगे राक्षस



रणवीर सिंह के पास कुछ फिल्में हैं और वह इन दिनों अधिक फिल्में साइन कर रहें हैं और अधिक स्क्रिप्ट सुन रहें हैं। अपने नए प्रोजेक्ट्स के अलावा रणवीर, दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी की खबरों और अपने वायरल डीपफेक वीडियो को लेकर भी सुर्खियों में हैं। बता दें कि ये बॉलीवुड कपल अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहें हैं। जबकि रणवीर अपने ब्रांड शूट और अन्य कार्यों में बिजी हैं। अब एक फेमस साउथ इंडस्ट्री फिल्म डायरेक्टर के साथ राक्षस नामक एक नई फिल्म साइन करने की खबर सामने आई है।एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रणवीर सिंह भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित एक फिल्म के लिए हनुमैन फेम प्रशांत वर्मा के साथ बातचीत कर रहें हैं। फिध्ल्म पर चर्चा तब चल रही थी जब वह नए प्रोजेक्ट, राक्षस पर काम शुरू करने के लिए लोकप्रिय स्टूडियोज को लाने की कोशिश कर रहे थे। नई रिपोर्टों में कहा गया कि उन्हें पुष्पा, पुष्पा 2, उप्पेना, सरकारू वारी पाटा, कुशी और कई अन्य फिल्मों के लिए फेमस माइथ्री मूवी मेकर्स से समर्थन मिला है।रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म राक्षस प्रशांत सिनेमाई ब्रह्मांड से संबंधित है। निर्देशक कई पात्रों को पेश करने और उन सभी को एक अंतिम फिल्म में एक साथ लाने की योजना बना रहें हैं। बताया गया कि राक्षस की स्क्रिप्टिंग और विजुअलाइजेशन पहले ही पूरी हो चुकी है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि रणवीर और प्रशांत ने हनुमान जयंती के अवसर पर राक्षसों के लिए पूजा भी की थी। रणवीर सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो फरहान अख्तर और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने घोषणा की कि रणवीर कियारा आडवाणी के साथ डॉन 3 के लिए शाहरुख खान की जगह लेंगे। हाल ही में खबरें सामने आई कि फरहान ने इस फिल्म को कुछ समय के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो उनके पास एस शंकर की एक फिल्म है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह अन्नियन की रीमेक है। माना जाता है कि वह शक्तिमान पर एक फिल्म के लिए बातचीत कर रहें हैं। उनकी अगली फिल्म रोहित शेट्टी के साथ सिंघम अगेन है।

## आयुष शर्मा की रुसलान ने छूआ 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा, जानिए 7वें दिन का कारोबार

अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आ रही हैं।एक्शन से भरपूर यह फिल्म लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई। फिल्म की दैनिक कमाई शुरुआत से लाखों में सिमटी हुई है।रुसलान ने 7 दिन बाद टिकट खिडकी पर 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूआ है।आइए जानते हैं फिल्म ने सातवें दिन कितने लाख रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, रुसलान ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को 29 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 4 करोड़ रुपये हो गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में फर्जी स्टाम्प पत्रों की जांच/सत्यापन के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

## जांच के स्तर पर कोई स्टाम्प पेपर फर्जी पाए जाने अथवा फर्जी होने का संदेह उत्पन्न होने पर होगी तत्काल विधिक कार्रवाई-डीएम

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फर्जी स्टाम्प पत्रों की जांचध्सत्यापन के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद गोरखपुर में पुलिस टीम द्वारा छापेमारी में स्टाम्प छपाई की मशीन के साथ–साथ फर्जी न्यायिक एवं गैर न्यायिक स्टाम्प पकड़े जाने के दृष्टिगत जनपद में गत तीन वर्षों में जनपद में अवस्थित उप निबन्धक कार्यालयों तथा इससे भिन्न कार्यालयों जहाँ पर स्टाम्प पेपर प्रयुक्त हुए हैं, के साथ–साथ स्टाम्प रिफण्ड के आवेदन पत्रों के साथ प्राप्त स्टाम्प पेपरों की जांच के साथ ही फर्जी न्यायिक एवं गैर न्यायिक स्टाम्प पेपरों की जांच ६ सत्यापन की कार्यवाही सम्पादित कर ली जाय। यदि जांच के स्तर पर कोई स्टाम्प पेपर फर्जी पाया जाता है अथवा फर्जी होने का संदेह उत्पन्न होता है तो उसके सम्बन्ध में तत्काल विधिक कार्रवाई प्रवर्तन में लायी जाय। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिया कि जनपद में स्थित सार्वजनिक कार्यालय के प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी दशा में उनके कार्यालय में फर्जी स्टाम्प पेपरों का प्रयोग न हो पाये। गत तीन वर्षों में प्रयुक्त न्यायिक एवं गैर न्यायिक स्टाम्प पत्रों को सहायक आयुक्त स्टाम्प, देवरिया द्वारा उपलब्ध कराये गये चार्ट के अंकनानुरूप मुख्यध्वरिष्ठ कोषाधिकारी को पत्र प्रेषित करके सत्यापन सुनिश्चित कर ली जाय। जहाँ पर यह पाया जाय कि निर्गमित स्टाम्प पेपर कोषागार से निर्गत नहीं हुआ है अथवा उसकी सत्यता ६ प्रमाणिकता संदिग्ध है, वहाँ पर ऐसा लोक आफिसरध सार्वजनिक कार्यालय का प्रभारी अधिकारी सहायक आयुक्त स्टाम्प से सम्पर्क व समन्वय स्थापित करके नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगें।सभी जनपद स्तरीय अधिकारी विगत तीन वर्षों में जो भी स्टाम्प पेपर उनके यहाँ प्रयुक्त हुए हैं, उनकी जांच ६ सत्यापन अपने स्तर से कराते हुए, प्रमाणक एक पक्ष में सहायक आयुक्त स्टाम्प, देवरिया को प्रस्तुत करें, कि उनके यहाँ अब कोई स्टाम्प सत्यापन हेतु अवशेष नहीं है। जहाँ पर कोई अन्यथा स्थिति पायी जाय, तत्काल विधिक कार्यवाही सम्बन्धित द्वारा प्रवर्तन में लायी जाय।अंत में सभी अधिकारियों को समय से कार्य सुनिश्चित किये जाने एवं प्रमाणक सहायक आयुक्त स्टाम्प, देवरिया को प्रेषित करने के निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि०ध्रा०), उप जिलाधिकारी, सलेमपुर, समस्त तहसीलदार, जनपद देवरिया, सहायक आयुक्त स्टाम्प, देवरिया, समस्त उप निबन्धक ६ प्रभारी उप निबन्धक, जनपद देवरिया, अधिशासी अभियन्ता पी०डब्लू०डी० निर्माण खण्डध्प्रान्तीय खण्ड, देवरिया, जिला विकास अधिकारी, देवरिया, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत, जनपद देवरिया, खनन अधिकारी देवरिया, औषधि निरीक्षक, पी०ओ० (डी०आर०डी०ए०), मण्डी सचिव, अधिशासी अभियंता विद्युत, सलेमपुर आदि उपस्थित हुए।

# सभासदों की बैठक में बनी चुनावी रणनीति

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। पुरवा स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर नगर के 33 वार्डों के सभासदों की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में आहूत की गई जिसमे सभी वार्डों में सघन जनसंपर्क करने और अपने अपने वार्डों के वोटरों को सहेजने के विषय पर चर्चा की गई । बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि नगर के सभी दरवाजों पर दस्तक देना है और भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों को हर घर तक पहुंचाना है इसके लिए आप सब लोग कमर कस लीजिए । भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने सभी सभासदों का अभिवादन करते हुए कहा कि आपके वार्ड पूरे जनपद का नेतृत्व करते हैं, आने वाले समय में आप सभी अपने वार्डों के लाभार्थियों से मिलें और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करे । पार्टी के पिछले कार्यों को बताएं । हमारा जो वोट है उन्हे जागृत करने का कार्य करे । व्यापक शहरीकरण के लिए आप सभी का मुझे सहयोग चाहिए । देवरिया शहर को एक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए हमे काफी परिश्रम करना पड़ेगा । केंद्र और प्रदेश की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है और मोदी जी के नेतृत्व पर पूरे देश की जनता अटूट विश्वास करती है और इसी विश्वास से विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा । इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही, संयोजक सी पी सिंह, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, रमेश सिंह, अंकुर राय सहित सभी सभासद गण उपस्थित रहे ।



# बरियारपुर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। विधानसभा रामपुर कारखाना के बरियारपुर नगर पंचायत में लोकसभा चुनाव के निमित्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने फीता काट कर किया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस चुनावी रण में संसाधनों के साथ चुनावी रणनीति बनाने, कार्यकर्ता बैठक करने व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आज पार्टी ने अपना एक कार्यालय खोला है । उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक अपना समय आप लोग क्षेत्र की जनता के बीच दें और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करें । रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि विधानसभा रामपुर कारखाना के सभी गांवों में सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संपर्क कर अधिक से अधिक मतदान करने का अनुरोध करें ताकि मत प्रतिशत बढ़ाया जा सके और हम हर बूथ पर नंबर एक स्थान पर रहे। इस दौरान लोकसभा सह संयोजक अखिलेश त्रिपाठी, विधानसभा प्रभारी निशिरंजन तिवारी, संयोजक बिजेंद्र कुशवाहा, दिवाकर मिश्रा, अमित तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव मनीष मणि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने लिया चुनाव का जायजा

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व देवरिया जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह पुरवा स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और पार्टी के पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा की । उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से क्षेत्र का माहौल जाना तथा कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से पार्टी के प्रत्याशी शशांक मणि के पक्ष में जनसमर्थन के लिए देवरिया लोकसभा की जनता से अपील करने को कहा । इस दौरान लोकसभा संयोजक सी पी सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, कृष्ण नाथ राय, राजेंद्र विक्रम सिंह, अमरनाथ सिंह, संजय पांडे, वीरेंद्र तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।




# फूलपुर से गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ मौर्य ने भरा पर्चा

## दो सेट मे किया नामांकन, विधायक गीता शास्त्री एवं संदीप यादव बने प्रस्तावक

प्रयागराज(आरएनएस)। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन किया। अमरनाथ मौर्य ने दो सेट मे नामांकन पत्र दाखिल किया। विधायक श्रीमती गीता शास्त्री एवं सपा नेता संदीप यादव प्रस्तावक बने।

अमरनाथ मौर्य दोपहर 12 बजे के बाद अपने आवास प्रीतमनगर से निकलने के बाद सीधे हाईकोर्ट स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर एवं पी डी पार्क स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया की मूर्ति माल्यार्पण करने के बाद समाजवादी पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन आये। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे जहाँ उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन के बाद सपा कार्यालय मे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अमरनाथ सिंह मौर्य ने कहा कि देश मे इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद सत्ता एवं शासन मे पी डी ए की भागीदारी, पुरानी पेंशन लागू करने, किसानों को एम एस पी दर लागू करने, बेरोजगारों को रोजगार देने, अग्निवीर को खत्म कर नियमित भर्ती करने जैसी जन हित की तमाम योजनाए लागू की जाएगी। नामांकन मे आये समाजवादी पार्टी,घटक दलों कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, काम्युनिस्ट पार्टी, तृण मूल कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए चुनाव जिताने की अपील किया।

इस मौके पर कुँवर रेवती रमण सिंह, अनिल यादव, सैयद इफ्तेखार हुसैन, डॉ मान सिंह यादव, गीता शास्त्री, अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, संदीप यादव, सत्यवीर मुन्ना, बासुदेव यादव, सुरेश यादव, मो कादिर, राजू पासी, प्रदीप अंशुमन, शांति स्वरूप पटेल, दूधनाथ पटेल, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, डॉ राजेश यादव, वजीर खां, शकील अहमद, बच्चा यादव, अमर सिंह, राम मिलन, प्रतिमा रावत, सुमन शर्मा, पद्मा यादव, अभिमन्यु पटेल, ओ पी यादव, नाटे चौधरी, डॉ प्रेम चंद्र मौर्य, बेला सिंह, भोला यादव, कुलदीप यादव, आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल और रमेश पटेल ने किया नामांकन

## देश हित में केंद्र में जनता चाहती है बसपा की सरकार

प्रयागराज(आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर लोकसभा 51 फूलपुर से जगन्नाथ पाल तथा 52 इलाहबाद संसदीय से रमेश पटेल ने अपने अपने प्रस्तावको के साथ शनिवार को नामांकन दाखिल किया।

बसपा प्रत्याशी बसपाई कार्यकर्ताओ के साथ हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर बाबा साहेब को नमन करते हुए जिम्मेदार वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन पर्चा दाखिल किया।

बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल सहसों स्थित चुनावी केंद्रीय कार्यालय निकट विकास इंटर कॉलेज से पूर्वाह्न 11.00 बजे निकलकर सहसों के गोल चौराहा स्थित छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने जुलूस के साथ हाईकोर्ट चौराहा पहुंचकर बाबा साहब डा . भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात वहां से चलकर जिलाधिकारी कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया जबकि इलाहबाद संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी रमेश पटेल जसरा ब्लाक स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर बसपा कार्यकर्ताओं के साथ हाईकोर्ट स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना पर्चा दाखिल किया।बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल और रमेश पटेल ने नामांकन के बाद बातचीत करते हुए कहा कि आज देश की जनता महगाई से त्रस्त है, युवाओ के लिए सरकारी नौकरी खत्म कर दी गई है, बाबा साहेब के भारतीय संविधान को बदलने की साजिश चल रही है, मौजूदा भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं का हल न करने का आरोप लगाते हुए केंद्र और प्रदेश की सरका को पूंजीपतियों की सरकार बताया। बसपा के प्रत्याशियों ने कहा कि जानता सपा,भाजपा, कांग्रेस के शासन को देख चुकी है। अब देश की जनता बहन मायावती के नेतृत्व में केंद्र में बीएसपी की सरकार चाहती है। नामांकन के दौरान बसपा जिलाध्यक्ष आरबी त्यागी, विजय सरोज, घनश्याम पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, साबिर सिद्दिकी, फैजी, चिन्तामणि वर्मा, प्रवीण भारती, रामबृज गौतम, प्रवीण गौतम, रमेश गौतम, मंसूर, गुड्डू तिवारी, जंग बहादुर मौर्य, मनीष पासी, अतुल कुमार टीटू, जीतलाल बिंद, राजकुमार प्रजापति, पप्पू यादव, शिवबरन पासी, राज कुमार पाल, पंकज गौतम, शेखू रासिद, राजनाथ पाल, राम जतन पाल, अभिशेष आजाद, रतन विश्वकर्मा साहित हजारों बसपाई मौजूद रहे।

# ई–फाइलिंग वादकारियों के लिए हानिकारक– अनिल तिवारी

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की ई फाइलिंग पर जताया विरोध

प्रयागराज(आरएनएस)। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी और सचिव विक्रांत पांडेय ने कहा कि ई फाइलिंग वादकारियों के लिए घातक है। इसके खिलाफ बार एसोसिएशन कानूनी लड़ाई लडेगी। साथ ही साथ देश के सभी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को एकजुट कर सुप्रीम कोर्ट की ई फाइलिंग शुरू करने की मांग की करेंगे। यह बाते नई कार्यकारिणी के साथ न्यूज रिपोर्टर क्लब में हुई पत्रकार वार्ता में कही गई। बार के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एक सुर में ई फाइलिंग के एक पक्षीय फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का ऐलान किया। इसके अलावा एडवोकेट रोल जारी करने की प्रक्रिया को जटिल बनाने की भी मांग की है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल तिवारी और सचिव विक्रांत पांडेय के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे, कोषाध्यक्ष रणविजय सिंह, उपाध्यक्ष के पांच पदों पर विजयी अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मिश्रा, सुभाष चंद्र यादव, नीरज त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, संयुक्त सचिव प्रशासन सुमित श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव महिला आंचल ओझा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अभिजीत पांडेय, संयुक्त सचिव प्रेस पुनीत शुक्ला के अलावा कार्यकारिणी सदस्य के 28 पदों पर निर्वाचित उदिशा त्रिपाठी, मनीषा सिंह, किरन सिंह, अभिषेक मिश्रा, अवधेश मिश्रा, अभिषेक तिवारी, सच्चिदानंद यादव, दिनेश यादव, रत्नेश पाठक, राजेश शुक्ला,सर्वेश्वर लाल श्रीवास्तव, वेद प्रकाश ओझा, बलदेव शुक्ला,अमरनाथ त्रिपाठी, बृजेश कुमार सिंह सेंगर मौजूद रहे।

# भाजपा सोशल मीडिया ने डीपी के माध्यम से चुनावी कैंपिंग की दी धार

प्रयागराज(आरएनएस)। मिशन 2024 की फतेह को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी कैंपिंग के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मोदी सरकार एवं लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में शानदार चुनावी कैंपिंग की शुरुआत कर दी।जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की कैंपिंग को लेकर प्रत्येक लोकसभा में 200 सोशल मीडिया टीम वॉरियर्स की फौज 2024 लोकसभा चुनाव की चुनावी कैंपिंग को सोशल मीडिया की प्लेटफार्म पर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों के और मोदी सरकार की 400 पार की विंनिग चुनावी अभियान के समर्थन में प्रयागराज की इलाहाबाद एवं फूलपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी एवं प्रवीण पटेल के समर्थन में सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर पेज एवं एक्स अकाउंट पर डीपी चेंज कर चुनावी कैंपिंग की शानदार धार देने का काम शुरू कर दिया है। इस अभियान से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता जुड़ रहे हैं। इसके अलावा स्वतंत्र रूप से सोशल मीडिया पर रहने वाले लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और अपने फॉलोवर्स के माध्यम से लगभग प्रत्येक लोकसभा में दो लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य लेकर भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया कार्य कर रही है। यह लक्ष्य लगभग एक हफ्ते के अंदर प्राप्त कर लिया जाएगा। यह प्रयागराज में अभियान 25 में तक चलेगा।

# महाकुंभ से पहले बौद्ध टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो रहे कौशांबी से जुड़ेगा प्रयागराज

## कौशांबी में पर्यटन स्थलों को प्रमुख मार्गों से जोड़ने के लिए लगाए जाएंगे साइनेज

प्रयागराज(आरएनएस) बौद्ध नगरी कौशाम्बी को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने नई पहचान दी है। अपने अतीत में सभ्यता और समृद्धि का इतिहास समेटे 14 महाजनपद काल में वत्स राज्य की राजधानी कौशांबी को उत्तर प्रदेश का पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ के रूप में विकसित कर रहा है। इसके लिए बुद्धा थीम पार्क के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कौशाम्बी के कोसम इनाम गाँव को पर्यटन विभाग बौद्घ तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित कर रहा है। इसके अलावा जिले के अन्य पर्यटक स्थलों का भी विकास हो रहा है। इनके प्रचार प्रसार के लिए पर्यटन विभाग यहां साइनेज लगवा रहा है।पर्यटकों व बौद्ध धर्मावलंबियों को आकर्षित करने के लिए देश में बुद्ध से जुड़े सभी स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। टूरिस्ट सर्किट को ऐसे मार्ग हैं जिस पर कम से कम तीन प्रमुख पर्यटन स्थल हैं जो एक ही कस्बे, गाँव या शहर में नहीं हैं और साथ ही लंबी दूरी से अलग नहीं भी न हों। इस सर्किट में सुपरिभाषित प्रवेश और निकास बिंदु होने चाहिए। इसलिए, प्रवेश करने वाले पर्यटक को सर्किट में पहचाने गए अधिकांश स्थानों पर जाने के लिए साइनेज महत्वपूर्ण हो जाते हैं जो पर्यटन स्थल से संपर्क और प्रमुख मार्गों से जोड़ते हैं। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि कौशांबी के पर्यटन स्थलों को संपर्क मार्गों और प्रमुख मार्गों से जोड़ने के लिए पर्यटन विभाग इनमे अब साइनेज लगा रहा है। शासन की तरह से इनके लिए ध्288 लाख का बजट स्वीकृत हो गया है। चुनाव के उपरांत इसमें आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## जिले के इन प्रमुख स्थानों का हुआ चयन

प्रयागराज। पर्यटन विभाग की तरफ से कौशांबी और उसके पड़ोसी प्रयागराज में 30 साइनेज लगाए जाएंगे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह के मुताबिक इन 30 साइनेज में 10 ओवरहेड साइनेज होंगे और 20 कैंटीलीवर। जिन स्थानों में इन्हें लगाया जाएगा उसमें सोरांव –शिवगढ़ प्रयागराज, कोखराज टोल गेट कौशांबी, राधे कृष्णा ढाबा अजूबा, रोही बाईपास कौशांबी, विजय चौराहा कौशांबी, ए डी पब्लिक स्कूल कौशांबी, मुस्कान टेंट हाउस चौराहा कौशांबी में प्रमुख रूप से ओवरहेड साइनेज लगाए जाएंगे।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलाई शपथ, निकाली रैली

प्रयागराज(आरएनएस)। लोकसभा निर्वाचन–2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजन किया गया।

बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के युवा को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी–विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना रहा। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, पेंटिग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार रहे।

# ईश्वर शरण में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

प्रयागराज(आरएनएस)। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के अन्तर्गत लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, प्रयागराज के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना ईश्वर शरण महाविद्यालय द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बोलते हुए प्रयागराज स्वीप प्रभारी डॉ. अनुपम परिहार ने कहा कि हम भारत के लोग लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने वाले लोग हैं। ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने कहा कि हमें अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने का सदैव प्रयत्न करना चाहिये। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि हमें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिये। राष्ट्रीय सेवा योजना ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्रभारी डॉ. अरविन्द मिश्र ने कहा कि मतदान को उत्सव की तरह लेना चाहिए।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को मतदाता शपथ भी दिलायी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गायत्री सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेश यादव ने किया था।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।